वर्ष : 33 ▸ अंक : 149 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 14 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



दो बजे
# दोपहर
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

चुनाव से पहले नेताओं के पाला बदलने का दौर भी जल्दी ही शुरू होने वाला है



## अजित पवार का बड़ा कबूलनामा, पत्नी को बहन के सामने लोकसभा चुनाव में उतारना बड़ी गलती

# अजित तलाश रहे घर वापसी की राह

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके पहले सभी दलों ने अपनी-अपनी रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। चुनाव से पहले नेताओं के पाला बदलने का दौर भी जल्दी ही शुरू होने वाला है। इसी बीच माना ये जा रहा है कि राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी महायुति का बड़ा झटका दे सकते हैं। सुप्रिया सुले को लेकर दिए गए उनके ताज़ा बयान के बाद सियासी फिजाओं में अटकलों के बादल तैरने लगे हैं। पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पत्नी सुनेत्रा पवार को चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ाना गलती थी।

### बहन के खिलाफ पत्नी को उतारना गलती



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ उतारकर गलती की। बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ लोकसभा चुनाव में पत्नी को उतारने के फैसले पर अजित को अब पश्चाताप हो रहा है। उन्होंने कहा कि घर में राजनीति नहीं करनी चाहिए।

### शरद पवार के प्रति नरम रुख



इन दिनों अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के मुखिया शरद पवार के खिलाफ एक भी बयान नहीं दे रहे है। अजित पवार को शरद पवार के प्रति यह नरम रवैया इस ओर संकेत कर रहा है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि शरद पवार एक वरिष्ठ नेता और उनके परिवार के मुखिया हैं, इसलिए वह उनकी किसी भी आलोचना का जवाब नहीं देंगे।

### सुनील तटकरे बोले- उन्होंने अपनी भावना व्यक्त कीं



ंजत के सुप्रिया सुले पर दिए बयान पर NCP (अजित) के महाराष्ट्र अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा- अजित दादा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने जो कहा ऑफिशियल है। उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की हैं। दादा इस ग्रेट। उन्होंने जो कहा है एक इंटरव्यू में कहा है, इस पर विस्तार से वही बात करेंगे। अजित दादा पवार के नेतृत्व में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने NDA में शामिल होने निर्णय लिया है वो सोच विचार कर लिया गया फैसला है।

राष्ट्रवादी काँग्रेस पक्ष शरदचंद्र पवार

### दोपहर ओपिनियन

अजित पवार की एनसीपी विधानसभा चुनाव में 90 से अधिक सीटों की मांग कर रही है। इधर शिंदे गुट भी 90 से अधिक सीट मांग रहा है। 288 सीटों में 180 सीटें सहयोगियों को देगी तो बीजेपी के पाले में सिर्फ 108 सीटें आएगी। देखना दिलचस्प होगा कि क्या बीजेपी अपने दोनों सहयोगियों को 90-90 सीटें देंगी। साथ ही बीजेपी को 108 में से रामदास अठावले व अन्य छोटे दलों को सीटें देना होगा। उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मांग पूरी नहीं होती है तो वह दूसरा रास्ता भी अपना सकते हैं। फ़िलहाल अजित पवार का शरद पवार और सुप्रिया सुले के प्रति नरम रवैया इसी ओर संकेत कर रहा है कि वह फिर से घर वापसी कर सकते हैं। इसलिए बयानों के जरिए वह अपने लिए दरवाजा खुला रखना चाहते हैं। हालांकि देखना दिलचस्प होगा कि क्या वाकई अजित वापसी करेंगे और इस पर सीनियर पवार का क्या कुछ रुख होगा?

### न्यूज़ ब्रीफ

### नासिक में मनोज जरांगे के जुलूस का किया गया घेराव

**नासिक।** मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने मंगलवार 13 अगस्त को नासिक का दौरा किया। इस दौरान उनके काफिले को रोकने की कोशिश की गई। समता परिषद की महिला कार्यकर्ताओं ने जरांगे के काफिले को रोकने की कोशिश की। पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। मनोज जरांगे ने अपनी यात्रा के दौरान मंत्री छगन भुजबल पर हमला किया था, जिसके बाद समता परिषद आक्रामक हो गया था। जब सिन्नर में जरांगे के काफिले को रोकने की कोशिश हुई, तो पुलिस ने हस्तक्षेप किया। इसके अलावा, जरांगे को काले झंडे दिखाने की कोशिश करने वाले ओबीसी नेता गजू घोडके को पंचवटी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### अपहृत दो लड़के बाल गृह में मिले

**मुंबई।** शिवाजी नगर इलाके से कथित तौर पर अपहृत दो लड़कों को बाल गृह में खोजा गया। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 11 और 12 साल की उम्र के लड़कों को कथित तौर पर अपहरण के दो दिन बाद मध्य मुंबई के वर्ली इलाके में एक बाल गृह में खोजा गया। मदरसे में पढ़ने वाले दोनों लड़के शनिवार सुबह लापता हो गए। उन्होंने बताया कि जब वे शाम तक घर नहीं लौटे, तो परिवारों ने अपहरण का मामला दर्ज कराया। अपराध शाखा ने इलाके से सीसीटीवी फुटेज की जांच की और पास के रेलवे स्टेशन की तलाशी ली।

### टीएमसी सांसद पर आरोप तय

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एक विशेष पीएमएलए कोर्ट ने मंगलवार को टीएमसी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता साकेत गोखले के खिलाफ मनी मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत आपराधिक आरोप तय किए हैं। कोर्ट ने ईडी द्वारा दायर की गई शिकायत के आधार पर यह एक्शन लिया है।

# कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई बड़े फैसले

## मेयर का कार्यकाल अब 2.5 साल की बजाए 5 साल होगा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में मंगलवार को आगामी विधानसभा के मद्देनजर कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। कैबिनेट की बैठक में सरकार ने पशुपालन और डेयरी विकास, राजस्व विकास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग आदि विभिन्न विभागों के लिए बड़े फैसले लिए गए है। सरकार ने बैठक में मेयर का कार्यकाल 5 साल कर दिया है।



- सड़कों के सीमेंट कंक्रीटीकरण के लिए 37,000 करोड़ के संशोधित बजट को मंजूरी
- निजी-सरकारी मेडिकल कॉलेजों के सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए निश्चित वेतन का निर्णय

### 6,000 किमी सड़कों का होगा सीमेंट कंक्रीटीकरण

कैबिनेट ने 6,000 किलोमीटर सड़कों के सीमेंट कंक्रीटीकरण के लिए 37,000 रुपये करोड़ के संशोधित बजट को मंजूरी दी है। यह फैसला सड़कों की खराब स्थिति, खासकर गड्ढों से भरी मुंबई महानगर क्षेत्र, मुंबई-गोवा हाईवे, और ठाणे-नासिक हाईवे पर चल रही आलोचना के बीच लिया गया है। महाराष्ट्र में सड़कों की हालत पर लंबे समय से नाराजगी है, खासकर बरसात के मौसम में गड्ढों से भरी सड़कों के कारण जनता में आक्रोश दिख रहा है।

### मराठवाड़ा में एक लाख एकड़ से अधिक भूमि को 'फ्रीहोल्ड' में बदलने को दी मंजूरी

कैबिनेट ने इस बैठक में मराठवाड़ा क्षेत्र में एक लाख एकड़ से अधिक वर्ग दो भूमि को 'फ्रीहोल्ड' में बदलने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी है, जिससे कि वहां रहने वाले लोग पूर्ण मालिक बन जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस भूमि को 'फ्रीहोल्ड' में परिवर्तित करने के मंत्रिमंडल के प्रस्ताव का वर्तमान कब्जाधारियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कब्जाधारियों को इस परिवर्तन के लिए राज्य सरकार को एक निश्चित राशि जमा करानी होगी। मराठवाड़ा के आठ जिलों में 42,710.31 हेक्टेयर भूमि 'खिदमतमाश' (धार्मिक स्थलों के रखरखाव के लिए दी गई) और 13,803.13 हेक्टेयर 'मदतमाश' भूमि (पुरस्कार के रूप में दी गई) के रूप में चिह्नित है।

### कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण निर्णय



कैबिनेट की इस बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौजूदगी में कुछ अन्य बड़े निर्णय भी लिए गए। इनमें विदर्भ और मराठवाड़ा में डेयरी विकास के लिए 149 करोड़ की मंजूरी, डेक्कन कॉलेज, गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स और तिलक महाराष्ट्र विश्वविद्यालय के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए मेडिकल प्रतिपूर्ति योजना की मंजूरी भी शामिल हैं। इसके अलावा निजी और सरकारी मेडिकल कॉलेजों के सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए निश्चित वेतन का निर्णय भी लिया गया। एक अन्य बड़े फैसले में नगर अध्यक्ष का कार्यकाल अब 2.5 साल से बढ़ाकर 5 साल कर दिया गया है। कैबिनेट ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए केएफडब्ल्यू विकास बैंक के साथ निश्चित ब्याज समझौता और पावर लूम्स के लिए पंजीकरण में छूट को मार्च 2025 तक बढ़ाने के साथ-साथ अतिरिक्त बिजली दर मुआवजे के निर्णय भी लिए हैं।

# बाल-बाल बचे सीएम एकनाथ शिंदे

## मुख्यमंत्री के काफिले का एक्सीडेंट ● 4 वाहन एक दूसरे से टकराए

**दोपहर संवाददाता । जलगांव**

महाराष्ट्र के जलगांव में मंगलवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए, जहां उनके काफिले की गाड़ियां एक दूसरे से टकरा गई। सीएम शिंदे जलगांव में एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे। उनके साथ दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' के तहत जलगांव में महायुति द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में भाग लेने जलगांव हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। इसके बाद यहां से वह सम्मेलन के लिए अपने काफिले में रवाना हुए। इसी दौरान काफिले में शामिल 4 वाहन एक दूसरे से टकरा गए।

### किसी को कोई चोट नहीं





इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार सुरक्षित हैं और उनकी कार से कोई गाड़ी नहीं टकराई। हालांकि, काफिले में शामिल वाहनों के एक दूसरे से टकराने से गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस हादसे के बाद कुछ समय में ही मुख्यमंत्री का काफिला सभा स्थल की ओर रवाना हो गया। वाहनों के काफिले में शामिल अन्य वाहनों में मुख्यमंत्री शिंदे और दोनों उपमुख्यमंत्री सभा स्थल पर पहुंच गए।

### कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर दुष्कर्म कांड

## डॉक्टरों की हड़ताल से बिगड़े हालात

**मुंबई/नई दिल्ली।** कोलकाता के एक अस्पताल में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ रेप के बाद उसकी हत्या के विरोध में देशभर के सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे दूसरे दिन मंगलवार को भी अस्पतालों में सेवाएं प्रभावित रहीं। खासकर मुंबई और दिल्ली में इस हड़ताल का बड़े पैमाने पर असर नजर आया। काफी मरीजों को बिना इलाज ही घर लौटना पड़ा। ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के विरोध में महाराष्ट्र के 6 हजार रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। जिसके कारण मरीजों को मायूस होकर अस्पतालों से लौटना पड़ रहा है। ओपीडी बंद होने के कारण मरीज परेशान होते दिखे। रेजिडेंट डॉक्टरों के अलावा वरिष्ठ महिला डॉक्टर भी इस घटना की कड़ी निंदा कर रही हैं। यूरोलॉजिस्ट महिला डॉक्टरों के समूह ने विदेश की तर्ज पर यहां के मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में महिला रेजिडेंट डॉक्टरों को सुरक्षा कवच देने की मांग की है। इन महिला डॉक्टरों का कहना है कि विदेश में अस्पताल परिसर में आवाजाही के समय महिला डॉक्टरों के साथ सुरक्षाकर्मी रहते हैं, ठीक यही सुरक्षा यहां के अस्पतालों में महिला डॉक्टरों को मुहैया कराई जानी चाहिए।

# महाराष्ट्र में आईएएस अधिकारी वी राधा का तबादला

## कृषि मंत्री धनंजय मुंडे से कुछ मुद्दों पर था मतभेद

**धीरज सिंह । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और कृषि विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) वी राधा का तबादला सामान्य प्रशासन विभाग (GAD) में कर दिया है। सूत्रों की मानें तो वी राधा का तबादला उप मुख्यमंत्री अजित पवार के करीबी और राज्य के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे से मतभेदों के बाद वी राधा का तबादला हुआ है। वी राधा का एकाएक तबादला किए जाने पर विधानसभा में नेता विपक्ष विजय वडेट्टीवार ने निशाना साधा है। वडेट्टीवार ने कहा है कि वी राधा भ्रष्टाचार पर नकेल कस रही थीं। वह सरकार के भ्रष्टाचार में सहयोग नहीं कर रही थीं। इसके बाद उनका तबादला किया गया है, तो वहीं कृषि मंत्री धनंजय मुंडे ने वी राधा के तबादले में कोई कनेक्शन होने से मना कर दिया है।

### कृषि मंत्री से थे मतभेद!



सूत्रों की मानें तो कृषि विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव राधा और मुंडे के बीच कई मुद्दों पर असहमति थी, जिसमें कपास और सोया के लिए स्प्रे पंप, कपास भंडारण बैग और उर्वरक नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की खरीद शामिल थी। सूत्रों का कहना है कि कृषि मंत्री से मतभेद के बाद ही कैबिनेट की एक बैठक में वी राधा को जीएडी में स्थानांतरित कर दिया गया। सूत्र बताते हैं कि मंत्री और एसीएस के बीच नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की खरीद को लेकर धन पर बड़ी असहमति थी। राधा ने कहा कि राज्य के खजाने में इसके लिए कोई पैसा नहीं है, मंत्री ने नमो शेतकरी योजना से पैसे लेने के लिए कहा, जिसके माध्यम से किसानों को हर साल धन मिलता है। मुंडे विभाग के लिए खरीद करना चाहते थे।

### कांग्रेस ने उठाए सवाल

विधानसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने वी राधा के मुद्दे को भ्रष्टाचार से जोड़ दिया है। वडेट्टीवार ने कहा कि राधा कृषि विभाग में भ्रष्टाचार पर नकेल कस रही थीं। जो लोग भ्रष्टाचार में सरकार की मदद नहीं करते हैं, उनका तबादला कर दिया जाता है। सूत्रों ने बताया कि कोई भी आईएएस अधिकारी कृषि सचिव का पद लेने को तैयार नहीं था और राधा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया, जबकि वह जीएडी में तैनात थीं।

# अब सरकारी दफ्तरों में लटकेंगे ताले

## हड़ताल पर जाने वाले हैं 18 लाख कर्मचारी

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

महाराष्ट्र में 18 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। इसे लेकर फेडरेशन की ओर से मंगलवार को राज्य सरकार को नोटिस भेजा गया है। इसमें कहा गया कि राज्य सरकार के 18 लाख 70 हजार अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होंगे। राजपत्रित अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष विनोद देसाई ने कहा कि जब तक सरकार अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए संशोधित पेंशन को लेकर नोटिफिकेशन जारी नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

### आम लोगों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें



माना जा रहा है कि अगर इतने बड़े पैमाने पर हड़ताल हुई तो राज्य के आम लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसे देखते हुए यह सलाह भी दी जाने लगी है कि सरकारी दफ्तर में कोई काम हो तो उसे जल्द से जल्द निपटा लिया जाए। बता दें कि महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारी यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें पुरानी व्यवस्था के हिसाब से पेंशन दी जाए। इसे लेकर सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों ने पिछले साल मार्च में भी हड़ताल की थी, जो 7 दिन तक चली। राज्य सरकार पर इसका असर पड़ा और कर्मचारी व शिक्षक यूनियनों से बातचीत शुरू की गई।

### कर्मचारियों को सरकार से मिला था आश्वासन

**कर्मचारियों को सरकार से मिला था आश्वासन :** मुख्यमंत्री की ओर से लिखित में यह भरोसा दिया गया कि कर्मचारियों और शिक्षकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था के तहत ही आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। मगर, दिसंबर 2023 तक इसे लेकर सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। इस पर कर्मचारियों ने 14 दिसंबर, 2023 से फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी। इसके बाद, कर्मचारी संगठनों के दबाव के चलते सरकार ने अगले बजट सेशन में सुधारित राष्ट्रीय निवृत्ति वेतन योजना का ऐलान किया था। मगर, सरकार ने अभी तक अपना वादा पूरा नहीं किया। अब पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक बार फिर से हंगामा होने के आसार हैं।

# एनसीपी के नाम और चुनाव चिन्ह मामले पर सुनवाई टली

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नाम और चुनाव चिन्ह विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई फिर टल गई। इस मामले पर अब अगले मंगलवार को सुनवाई होगी। इसके साथ ही नागालैंड के एनसीपी विधायकों की अयोग्यता के मामले को भी इसी दिन सुना जाएगा। दरअसल, इन दोनों मामलों पर आज सुनवाई होनी थी, लेकिन पीठ के समक्ष यह मामले सुनवाई के लिए पहुंचे ही नहीं। इसलिए सुनवाई नहीं हो सकी और मामलों को अगले मंगलवार के लिए फिर सूचीबद्ध कर दिया गया। वहीं, शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर लंबित याचिका पर 18 सितंबर को होने वाली सुनवाई अब 20 अगस्त को मुकर्रर कर दी गई है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ के समक्ष यह सुनवाई होगी।

भूमि का मुआवजा मामले में सरकार को फटकार वहीं महाराष्ट्र में लाडली बहन योजना को लेकर जारी सियासी तकरार के बीच मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने भूमि अधिग्रण से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने राज्य सरकार को चेताया कि अगर वह जमीन खोने वाले व्यक्ति को उचित मुआवजा नहीं देती है तो वह लाडली बहन जैसी योजना पर रोक लगाने का आदेश देगी और अवैध रूप से अधिग्रहित भूमि पर बने ढांचे को गिराने का निर्देश देगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ मंगलवार को पुणे के एक भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही थी, जो एक व्यापक वन संरक्षण मामला है।

# मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के 81 हजार आवेदन मंजूर

**दोपहर संवाददाता । विरार**

वसई-विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र में मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के लाभ के लिए भरे गए 90,285 आवेदनों में से 81211 आवेदन मंजूर हो गए हैं। इनकी पहली किश्त संभवतः 17 अगस्त के दिन जारी होगी। जिनके आवेदन नामंजूर किए गए हैं, उन्हें अपने दस्तावेज जल्द से जल्द पूरे कर जमा कराने के लिए कहा गया है, ताकि उन्हें इस योजना का लाभ मिल सके। बता दें कि राज्य में जिन परिवारों की वार्षिक आय ढाई लाख से कम है, उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के खाते में डीबीटी के जरिए प्रतिमाह 1500 रुपए भेजे जाएंगे।




### 6 सदस्यों की है समिति

*योजना का लाभ सभी जरूरतमंद परिवार को मिल सके, इसलिए पालघर के पालक मंत्री रविंद चव्हाण ने भाजपा के वसई-विरार जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटील को 6 सदस्यों की समिति बनाने का निर्देश दिया था। जिसके बाद जिला अध्यक्ष पाटील द्वारा मंजिरी पंड्या, शशिकांत दुबे, सतीश भोंडवे, ज्योत्सना महेर, प्रीतम राऊत, बाला सावंत के नाम भेजे थे। उन्हें पालक मंत्री ने वसई तहसीलदार की अध्यक्षता में एक गैर-सरकारी समिति के रूप में काम करने के लिए मंजूरी दे दी है।*

### समिति सदस्यों की तहसील कार्यालय में बैठक

समिति गठन के बाद सभी समिति सदस्यों की तहसील कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति ने 90285 आवेदनों की जांच कर 81211 आवेदनों को मंजूरी दी है, जबकि 7324 आवेदनों को आंशिक रूप से नामंजूर कर दिया है। साथ ही 148 आवेदनों को पूर्णरूप से नामंजूर कर दिया है। भाजपा के प्रचार प्रमुख मनोज बारोट ने पत्रकारों को बताया कि आंशिक रूप से नामंजूर किए गए आवेदनकर्ताओं से समिति ने अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द अपने सारे दस्तावेज पूरे कर जमा करें, ताकि उनके आवेदनों को भी मंजूरी मिले और लाडली बहन योजना का लाभ मिल सके।

# फायदे के लालच में ढाई करोड़ रुपये गवाएं

**दोपहर संवाददाता । अंबरनाथ**

शेयर मार्किट में इन्वेस्टमेंट कर ज्यादा लाभ दिलाने का लालच देकर एक व्यक्ति से दो करोड़ 51 लाख 36 हजार की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। अंबरनाथ के उलन चाल में रहने वाले नजीर चंदसाहब खान ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाते हुए जानकारी दी कि 27 मार्च 2024 से 4 जुलाई के दरम्यान (1) स्टेट स्ट्रीक वी।आई।पी।106 (2) मारवाड़ी फाइनैंशियल लिमिटेड के शिवांगी अग्रवाल व शेरखान वे साईट पर पैसे लगाने पर ज्यादा फायदा दिलाने का लालच देकर उनके खाते से दो करोड़ 51 लाख 36 हजार की ऑनलाइन ठगी कर उनके साथ धोखाधड़ी की गयी है नाजिर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है।आगे की जांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगगन्नाथ कलसकर कर रहे हैं।

# 'आईआरबी के समाप्त हो चुके दहिसर टोल बूथ को करें बंद'

■ मनसे विधायक प्रमोद पाटिल ने की लोक निर्माण मंत्री दादा भुसे से मांग



**दोपहर संवाददाता । डोंबिवली**

ठाणे-रायगढ़ जिले की सीमा पर स्थित आईआरबी कंपनी के दहिसर टोल बूथ को बंद करने की मांग की गई है। मनसे विधायक प्रमोद (राजू) पाटिल ने लोक निर्माण मंत्री दादा भुसे से संपर्क किया है, इस संबंध में विधायक पाटिल ने मंत्री भुसे को लिखित ज्ञापन भी दिया है।

### 2019 में समय सीमा समाप्त

मुंबई पुणे राष्ट्रीय राजमार्ग-4 पर आईआरबी से भारी और हल्के वाहनों से टोल वसूला जाता है। टोल बूथ 2006 मे चालू था और 2019 में समय सीमा समाप्त हो गया, लेकिन फिर एमएसआरडीसी ने समय सीमा फिर बढ़ा दी। लेकिन टोल वसूली के लिए सड़क पूरी और अच्छी स्थिति में होनी चाहिए, लेकिन इस हाईवे की हालत बहुत खराब है और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं, ना जल निकासी की कोई व्यवस्था है, ना ही पुलिया है। बारिश के मौसम में इस हाईवे पर काफी पानी भर जाता है, जिसकी वजह से भारी ट्रैफिक जाम भी हो जाता है। इस हाईवे पर हुए हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है और कई लोग घायल हुए हैं, पत्र में मनसे विधायक प्रमोद (राजू) पाटिल ने आरोप लगाया है कि एमएसआरडीसी द्वारा जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। हाईवे पर समस्याओं के संबंध में मनसे विधायक प्रमोद (राजू) पाटिल ने एमएसआरडीसी के अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष दौरा कर सड़क के चौड़ीकरण, मरम्मत एवं परिवर्तन के निर्देश दिये गये। इस समय आईआरबी के अधिकारी भी उपस्थित थे। लेकिन उसके बाद स्थिति अभी भी वैसी ही है, इसलिए इसकी तुरंत जांच करने और मुंबई पुणे राष्ट्रीय राजमार्ग पर दहिसर टोल को तुरंत बंद करने की मांग की गई है।

# पुराने विवाद को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर के वडोल गांव में पुराने विवाद के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने की चौंकाने वाली घटना सामने आयी है। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।



### निजी अस्पताल में भर्ती, इलाज जारी

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, वडोल गाव निवासी सौरभ म्हात्रे खाने का पार्सल लेकर घर जा रहा था।की सेंट जोसेफ स्कूल कैम्प-3 के पास रोहन जाधव उर्फ वाघ्या ने उसे रोक लिया कहा कि कोरोना काल के समय हुए विवाद को लेकर चर्चा करनी है। इस पर सौरभ घर पर जरूरी काम है फिर कभी इस पर चर्चा करने की बात कही। इस पर रोहन ने नाराज होकर अपने पास चाकू से सौरभ की पीठ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले से सौरभ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सौरभ को पहले छाया अस्पताल, अंबरनाथ ले जाया गया, फिर सेंट्रल अस्पताल उल्हासनगर में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण सौरभ को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस हमले के सिलसिले में रोहन जाधव के खिलाफ अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और वह फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# पालतू कुत्ते की चपेट में आकर लड़की की मौत के मामले में आरोपियों की तलाश जारी

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे में एक इमारत की छत से पालतू कुत्ते के गिरने से चार साल की एक बच्ची की हुई मौत की घटना के एक सप्ताह बाद भी इस मामले से जुड़े तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने छह अगस्त को हुई इस घटना के बाद पालतू कुत्ते के मालिक को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके पिता और भाई-बहनों की तलाश कर रही है।



*ठाणे के मुंब्रा इलाके में एक इमारत की पांचवीं मंजिल से एक पालतू कुत्ता चार साल की एक बच्ची पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत एक ही परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि लड़की की मां ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपियों ने अपने एक कुत्ते को इमारत की छत से फेंक दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी पालतू पशुओं की 'ब्रीडिंग' में शामिल थे और यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि उनके पास नगर निगम अधिकारियों से लाइसेंस था या नहीं।*

# भिवंडी पश्चिम से साईनाथ पवार ने किया चुनाव लड़ने का एलान

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**



विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के कई इच्छुक उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में उतरने की लगातार घोषणा करना शुरू कर दिया है। अब 15 वर्षो के बाद एक बार पुनः भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पूर्व नगरसेवक व उद्योगपति साईनाथ पवार ने चुनाव लड़ने की घोषणा कर भिवंडी शहर की राजनीति में भूचाल ला दिया है, जिसके कारण भाजपा सहित अन्य दलों में खलबली मच गई है। बता दें कि विगत 10 वर्षों से यह सीट भाजपा के विधायक भाजपा विधायक महेश चौघुले के कब्जे में है।

# 15 अगस्त को श्री श्याम झूला महोत्सव का भव्य आयोजन

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

शहर स्थित घोड़बंदर रोड परिसर के रिटीज बैंकेट हाल में 15 अगस्त शाम 4 बजे से श्री श्याम झूला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा। यह धार्मिक आयोजन अग्र वाटिका धाम ट्रस्ट व श्री श्याम सेवा केंद्र की ओर से आयोजित किया जायेगा। ट्रस्ट के ओम झझुका ने बताया कि यह धार्मिक कार्यक्रम पवित्र श्रावण मास को लेकर किया जा रहा है। भजन कीर्तन प्रसिद्ध कलाकार के मुखारविंद से सुनने का अवसर भक्तों को मिलेगा।

# वीवीएमसी के तिरंगा रन मैराथन में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**दोपहर संवाददाता । विरार**

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वसई-विरार शहर महानगरपालिका (वीवीएमसी) द्वारा तिरंगा रन 3 किलोमीटर की मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में बच्चों, महिलाओं, युवाओं सहित बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैराथन की शुरुआत मंगलवार की सुबह विरार पश्चिम स्थित नवनिर्मित वसई विरार महानगरपालिका मुख्यालय से की गई।

### 3 किलोमीटर की तिरंगा रन मैराथन का आयोजन

देश भर में इस समय हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जगह-जगह विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा राह है। इसी के तहत मंगलवार की सुबह वसई-विरार शहर में वीवीएमसी द्वारा 3 किलोमीटर की तिरंगा रन मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन विरार पश्चिम में बने नए वसई विरार महानगरपालिका इमारत से शुरू होकर विरार म्हाडा कॉलोनी, विरार जकात नाका से होते हुए पुनः मनपा मुख्यालय की बनी नई इमारत में आकर संपन्न हुई। महानगरपालिका के अधिकारी, विरार ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और खेल शिक्षकों ने झंडा दिखा कर इस मैराथन प्रियोगिता की शुरुआत की। इस मैराथन में शिक्षक, विद्यार्थी, शहर के नागरिक, मनपा अधिकारी और कर्मचारी सहित शहर के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी और मजदूरों के बकाया के लिए आंदोलन की चेतावनी



**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर मनपा के सेवानिवृत्त श्रमिकों और कर्मचारियों को उनका बकाया तुरंत दिलाने की मांग को लेकर मजदूर अधिकार नामक ट्रेड यूनियन ने भूख हड़ताल की थी। इस संबंध में मनपा प्रशासन ने कर्मचारी संघ से विरोध न करने का अनुरोध किया था। यह आश्वासन देकर कि बकाया राशि का भुगतान तुरंत कर दिए जाने का आश्वाशन दिया था। लेकिन अब तक यह मांग पूरी नही होने पर श्रमिक अधिकार संगठन ने 20 अगस्त तक मनपा मुख्यालय के सामने फिर से धरना देने की चेतावनी दी है।

### बकाया राशि के लिए मुख्यालय का लगाना पड़ रहा है चक्कर

उल्हासनगर महानगर पालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मजदूरों को अपना बकाया लेने के लिए बार-बार मुख्यालय की दहलीज पर चक्कर लगाना पड़ रहा है, इससे उन्हें शारीरिक और मानसिक परेशानी हो रही है। बकाया लेने के लिए बार-बार मुख्यालय आने के अलावा उन्हें रिक्शा का खर्च भी उठाना पड़ रहा है। बस किराया और अन्य वित्तीय बोझ अलग से उठना पड़ रहा है। कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारी अंबरनाथ, बदलापुर, कल्याण, डोंबिवली, मुरबाड, शहापुर और अन्य दूर-दराज के स्थानों में रह रहे हैं और वे नगरपालिका प्रशासन के मामलों के कारण पीड़ित हैं। इस संबंध में श्रमिक अधिकार संघ के अध्यक्ष राज असरोंडकर ने कहा कि श्रमिक अधिकार संघ ने इस मामले में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जाने की लिखित सूचना दी थी। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त किशोर गावस से भी चर्चा की थी और आश्वासन भी दिया था। हमें मांगों को पूरा करने के लिए, लेकिन यह मांग अब तक पूरी नहीं होने पर हम 20 अगस्त को मुख्यालय के सामने आमरण अनशन करने जा रहे हैं।

## भिवंडी राजस्व पखवाड़ा

# दिव्यांगों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

प्रदेश में 1 से 15 अगस्त तक राजस्व पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भिवंडी शहर में तहसीलदार अभिजीत खोले के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम 'एक हाथ दिव्यांगों का कल्याण का' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने किया। मंच पर मनपा उपायुक्त डॉ. अनुराधा बाबर, अपर तहसीलदार अभय गायकवाड़, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नलिनी ठोंबरे सहित नायब तहसीलदार विशाल इंदुलकर, आदेश म्हात्रे, दत्तात्रय बांबले आदि उपस्थित थे।

### दिव्यांगों के लिए भिवंडी मनपा भी कई योजनाएं शुरू की है -मनपा आयुक्त वैद्य



तहसीलदार अभिजीत खोले ने अपने प्रस्तावना भाषण में कहा कि दिव्यांग भी समाज का हिस्सा हैं और सरकार ने उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। परिचय में, तहसीलदार अभिजीत खोले ने कहा कि राजस्व विभाग अपना पखवाड़ा मना रहा है, इस तत्व पर प्राथमिकता से विचार किया गया है। राजस्व विभाग बारहों महीने चौबीसों घंटे काम करता है। चूंकि पखवाड़े का आयोजन उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को समाज तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर आयुक्त अजय वैद्य ने शुभकामनाएं दीं और महानगर पालिका ने लोकसभा चुनाव में दिव्यांगों को मतदान प्रक्रिया में शामिल करने के लिए 170 व्हीलचेयर खरीदी हैं। अजय वैद्य ने बताया कि भिवंडी महानगर पालिका में नेत्रहीन नागरिकों की मदद के लिए मुख्यालय के सभी विभागों के बाहर ब्रेल लिपि बोर्ड लगाए गए हैं। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों के तत्वावधान में विभिन्न सरकारी योजनाओं के दिव्यांग लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिये गये। दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रहे सेवाभावी संगठनों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल लगाये गये थे। वहीं दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण पंचायत समिति की स्वास्थ्य टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजस्व विभाग के सर्कल अधिकारी तलाठी ने कड़ी मेहनत की।

# उल्हासनगर में सड़कों में 'मैस्टिक डामर' तकनीक का इस्तेमाल

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर मनपा द्वारा शहर को खड्डों की समस्या को दूर करने के लिए जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सड़क के खड्डा मुक्त करने के लिए नयी तकनीक मैस्टिक डामर इस्तेमाल कर भरा जा रहा है। इस कामों का मनपा आयुक्त अजीज शेख स्वयं निरीक्षण किया और गड्ढे भरने के काम का जायजा लिया। दौरे के दौरान उन्होंने त्वरित और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। आनेवाले गणेशोत्सव तक शहर की सड़को को गड्ढा मुक्त हो जाने की संभावना है।

### आयुक्त अजीज शेख ने किया कार्य का किया निरीक्षण



### गणेश उत्सव से पहले सड़कों के गड्ढे पूरी तरह भर दिए जाएंगे

*मनपा ने 'मैस्टिक डामर' की नवीनतम तकनीक से सड़कों के गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया है। कमिश्नर अजीज शेख ने नेताजी चौक इलाके में शुरू हुए काम का निरीक्षण करते हुए हर सड़क का बारीकी से निरीक्षण किया। यह तकनीक न केवल गड्ढों को भर रही है, बल्कि सड़कों को अधिक टिकाऊ और सुरक्षित भी बना रही है। मनपा आयुक्त आयुक्त अजीज शेख ने निरीक्षण के दौरान कहा कि गणेश उत्सव से पहले शहर की सभी प्रमुख सड़कों के गड्ढे पूरी तरह भर दिये जाएंगे। इस निरीक्षण दौरे के दौरान उन्होंने काम की गुणवत्ता पर जोर देने का निर्देश दिया है, ताकि नागरिकों को बेहतर गुणवत्ता वाली सड़कें मिलेगी।*

# 14 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । पालघर**

पालघर जिले के नालासोपारा में निजी ट्यूशन कक्षाओं में 14 वर्षीय छात्रा के साथ कई बार बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने एक स्कूल शिक्षक को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान अमित दुबे (30) के रूप में हुई है और उसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत पेल्हार पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी ने बताया, 'यह अपराध इस साल मार्च और जुलाई के बीच हुआ। आरोपी ने पीड़िता को किसी बहाने से अपने घर के ट्यूशन सेंटर पर बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की की शिकायत के आधार पर दुबे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (2) (एफ) (महिला का रिश्तेदार, अभिभावक या शिक्षक होने या उस पर विश्वास या अधिकार रखने वाला व्यक्ति उस महिला से बलात्कार करता है) और 65 (1) (सोलह वर्ष से कम उम्र की महिला से बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बिल्डर के साथ शेयर कारोबार में हुई धोखाधड़ी

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई के एक बिल्डर को साइबर जालसाजों ने शेयर कारोबार का लालच देकर कथित तौर पर उससे 13.5 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। साइबर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 319(2) (पहचान बताकर धोखाधड़ी करना) और 318(4) (धोखाधड़ी) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# मनपा आयुक्त सौरभ राव ने वागले के डंपिंग ग्राउंड का किया दौरा

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**



शहर स्थित वागले इस्टेट परिसर के सीपी टैंक में मनपा शहर के कचरे को सालों से डंप करती थी लेकिन इसके दुर्गंध और भयानक बीमारी के डर से रहिवासियों व राजनीतिक दल ने मनपा आयुक्त को निवेदन देकर इस डंपिग ग्राउंड को बंद करने के लिए मांग किया था। इस विषय पर हाल ही में भाजपा और उद्धव ठाकरे पार्टी के लोगों ने आंदोलन किया था। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए दौरा कर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कचरा हटवाने के लिए निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि परिसर में दुर्गंध नही होना चाहिए और मच्छर नही हो इसके लिए बड़े पैमाने पर दवा का फवारीकरण किया जाय। आयुक्त राव उस दौरान नागरिक व लोकप्रतिनिधी से भी बातचीत किया नागरिकों को संतुष्टि मिली।

# आरपीएफ कांस्टेबल ने यात्री की बचाई जान



**मुंबई/अकोला।** मध्य रेल के आरपीएफ कर्मचारी विनोद जटाले ने बहादुरी की मिसाल प्रस्तुत करते हुए एक यात्री की जान बचाई । 12 अगस्त को को जब ट्रेन संख्या 12135 पुणे-नागपुर एक्सप्रेस अकोला स्टेशन से रवाना हुई, तो एक वरिष्ठ यात्री चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रहें थें, वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के गैप में गिर गए । विनोद जटाले उस समय अकोला स्टेशन पर ड्यूटी पर थे। उन्होंने यात्री को ट्रेन से गिरते देखा। सतर्कता एवं साहस की मिसाल प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने तुरंत दौड़कर यात्री को पकड़ लिया और उसे प्लेटफॉर्म पर खींच लिया और उस यात्री को बचा लिया। 60 वर्षीय अकोला निवासी बालकृष्ण इंगले नामक यात्री बिना किसी चोट के बच गए और उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए विनोद और भारतीय रेल को बहुत-बहुत धन्यवाद दिए । विनोद जटाले, जिन्होंने यात्री की जान बचाने में सतर्कता, साहस और सूझबूझ का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है, उन्हें सही मायने में "जीवन रक्षक" कहा जा सकता है। बहादुरी के इस कार्य से विनोद ने दूसरों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत किया है और एक समर्पित रेलवे कर्मचारी और मानवीय संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्य को पूरा करने के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है।


दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




**अनमोल विचार** गरीबी आपको उदास करती है, तो यह बुद्धिमान भी बनाती है : बर्टोल्ट ब्रेख्त

**न्यूज़ ब्रीफ**

## यातायात नियमों का उल्लंघन



### 221 ई-मोटरसाइकिल सवारों पर मामला दर्ज, 290 वाहन जब्त

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई में यातायात पुलिस ने तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाकर 290 इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल जब्त की हैं और इन दोपहिया वाहन चलाने वाले 221 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने नौ से 11 अगस्त तक सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने और स्वयं एवं दूसरों के जीवन को खतरे में डालने वाले ई-मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 1,176 ई-मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से 1.63 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### ई-मोटरसाइकिल चालकों की संख्या बढ़ी

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महानगर में नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-मोटरसाइकिल चालकों की संख्या बढ़ गई है। अभियान का उद्देश्य अनियंत्रित और नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-मोटरसाइकिल चालकों को रोकना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 221 ई-मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। तीन दिन में 290 ई-मोटरसाइकिल जब्त की गईं। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा गलत दिशा में ई-बाइक चलाने पर 272 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

**आईएनएस विक्रांत फंड मामला**

# सोमैया की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## भाजपा नेता किरीट सोमैया के खिलाफ आगे जांच की जरूरतः कोर्ट



दोपहर संवाददाता | मुंबई

बीजेपी नेता किरिट सोमैया की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है। मुंबई के एक कोर्ट ने INS विक्रांत मामले में से जुड़ें मामले में सोमैया और उनके बेटे के खिलाफ एक मामले में क्लोजर रिपोर्ट का निपटारा करते हुए कहा कि पुलिस ने इस बात की जांच नहीं की है कि 'विक्रांत' को बचाने के लिए उनके द्वारा एकत्र किए गए धन का क्या किया गया। अदालत ने पुलिस को मामले में आगे और जांच करने और रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए थे। इस मामले को लेकर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एस्प्लेनेड अदालत) एस पी शिंदे ने पिछले सप्ताह जारी एक आदेश में पुलिस को निर्देश दिया था कि मामले में आगे और जांच की जाए तथा रिपोर्ट जमा की जाए।

### पूर्व सैनिक ने दर्ज की थी शिकायत

जानकारी के लिए बता दें कि भारतीय नौसेना के मजेस्टिक श्रेणी के विमान वाहक पोत 'आईएनएस विक्रांत' को 1961 में नौसेना में शामिल किया गया था। उसने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी पाकिस्तान की नौसैनिक नाकेबंदी को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसे 1997 में सेवामुक्त कर दिया गया था। जनवरी 2014 में जहाज को एक ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से बेचा गया। एक पूर्व सैनिक की शिकायत पर अप्रैल 2022 में यहां ट्रांबे थाने में सोमैया और उनके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।




### 57 करोड़ रुपए से ज्यादा रुपये गबन करने का आरोप

पूर्व सैनिक ने दावा किया था कि उन्होंने इस अभियान के लिए 2013 में 2,000 रुपये का चंदा दिया था। शिकायती का आरोप था कि सोमैया ने जहाज को बचाने के अभियान में 57 करोड़ रुपये से ज्यादा जमा किए थे। उन्होंने दावा किया कि इस राशि को महाराष्ट्र के राज्यपाल के सचिव कार्यालय में जमा करने के बजाय उन्होंने इसका गबन किया। मामला बाद में मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को स्थानांतरित कर दिया गया।

### क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत

मामले के जांच अधिकारी ने अदालत के समक्ष 'सी' समरी (क्लोजर रिपोर्ट) प्रस्तुत करते हुए कहा था कि जांच करने के बाद यह प्रकाश में आया कि 'अपराध न तो सत्य और न ही असत्य की श्रेणी में आता है'। अदालत ने विमान वाहक पोत को बचाने के लिए चंदा देने वाले गवाहों के बयानों का अध्ययन करने के बाद कहा कि ऐसा लगता है कि गवाहों ने दान किया है और आरोपियों ने इस अभियान से राशि जमा की है।

### आरोपियों ने जमा किए गए पैसे का किया क्या?

मजिस्ट्रेट ने कहा, 'जांच अधिकारी ने कोई भी दस्तावेज रिकॉर्ड में नहीं रखा है जो दिखाता हो कि आरोपी ने राशि को या तो महाराष्ट्र के राज्यपाल कार्यालय में या राज्य सरकार को जमा कर दिया है। इसलिए इस मामले में जांच अधिकारी ने यह जांच नहीं की है कि आरोपियों ने जमा किए गए पैसे का क्या किया।'

### मामले में आगे और जांच जरूरी

अदालत ने यह भी कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने अन्य कुछ स्थानों पर भी अभियान चलाए हैं। उसने कहा कि लेकिन जांच अधिकारी ने दूसरे स्थानों से गवाहों के बयान दर्ज करने की जहमत नहीं उठाई जिन्होंने भी चंदा देने का दावा किया है। मजिस्ट्रेट ने कहा, ''मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद मुझे ऐसा लगता है कि मामले में आगे और जांच जरूरी है।'' इसके बाद अदालत ने जांच अधिकारी को आगे जांच करने तथा रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया।

## वरिष्ठ नागरिकों को ठगने वाली सास-दामाद की टोली गिरफ्तार

**एक फरार**




दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई की खार पुलिस ने सास और दामाद की एक टोली को नासिक से गिरफ्तार किया है, जो एक 65 वर्षीय महिला को डेढ़ किलो नकली सोना देकर 25 लाख रुपये लेकर चंपत हो गए थे। दोनों की पहचान गंगा काछी (55) और मुकेश सोलंकी (25) के रूप में हुई है। हालांकि काछी का एक और दामाद फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मोहन माने के अनुसार, यह गैंग हाई प्रोफाइल घर के वरिष्ठ नागरिकों को अपना शिकार बनाता है, चूंकि तीनों पर इसी तरह से कई लोगों को ठगने का संदेह है, इसलिए पुलिस उपायुक्त राजतिलक रोशन के मार्गदर्शन में अधिकारियों ने उन्हें रिमांड में लेकर उस दिशा में जांच शुरू कर दी है।

### कैसे बनाते थे अपना शिकार ?

पुलिस के अनुसार, तीनों बांद्रा के कार्टर रोड, सी-लिंक जैसे हाई-फाई इलाकों में टहलने आने वाले वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क करते थे और उन्हें सहानुभूति के जाल में फंसाते थे। तीनों कहते थे कि हम गरीब हैं, हम अपने बेटे की शादी करना चाहते हैं। लेकिन हमारे पास पैसे नहीं हैं। लेकिन हमारे पास डेढ़-दो किलो पुराना सोना है, पुलिस के डर से हम इसे बेच नहीं सकते हैं। हम इसे आपको कम कीमत पर दे देंगे, वे अपने 'टारगेट' को विश्वास दिलाने के लिए उन्हें एक या दो ग्राम असली सोना देते थे। जाल में शामिल व्यक्ति का विश्वास जीतने के बाद तीनों उससे एक निश्चित रकम लेकर और बदले में उसे नकली सोना दे देते थे। इसके बाद कई गाड़ियां बदलकर वो नासिक पहुंच जाते थे। शिकायतकर्ता महिला खार इलाके में रहती है। पीड़िता अपने पोते को अभ्यास के लिए टेनिस कोर्ट पर छोड़कर कार्टर रोड पर टहलने जाती थीं। आरोपी की उससे 17 जुलाई को जान-पहचान हुई और 10-12 दिन में ही उस पर भरोसा हो गया।

# सरोगेसी वाले बच्चे पर कोई कानूनी अधिकार नहीं

### बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला



दोपहर संवाददाता | मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि शुक्राणु या अंडाणु दान करने वाले का बच्चे पर कोई कानूनी अधिकार नहीं होता और वह उसका जैविक माता-पिता होने का दावा नहीं कर सकता। कोर्ट ने इसी के साथ 42 वर्षीय एक महिला को उसकी पांच वर्षीय जुड़वां बेटियों से मिलने की अनुमति दे दी।

### कोर्ट ने याचिकाकर्ता के दलील को किया खारिज

महिला ने अपनी याचिका में कहा कि सरोगेसी के जरिये पैदा हुई उसकी बेटियां उसके पति और अंडाणु दान करने वाली छोटी बहन के साथ रह रही हैं। याचिकाकर्ता के पति ने दावा किया था कि चूंकि उसकी साली ने अंडाणु दान दिया था, इसलिए उसे जुड़वा बच्चों की जैविक माता कहलाने का वैध अधिकार है और उसकी पत्नी का उन पर कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने पति की दलील को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की छोटी बहन अंडाणु दान करने वाली है लेकिन उसे यह दावा करने का कोई वैध अधिकार नहीं है कि वह जुड़वा बच्चों की जैविक मां है।



### कोर्ट ने क्या कहा?

अदालत ने कहा कि छोटी बहन की भूमिका अंडाणु दान करने की है, बल्कि वह स्वैच्छिक दानकर्ता है और अधिक से अधिक वह आनुवंशिक मां बनने की अर्हता रखती है, इससे अधिक कुछ नहीं। मामले में अदालत की सहायता के लिए नियुक्त न्यायमित्र ने सूचित किया कि अलग हो चुके जोड़े के बीच सरोगेसी समझौता 2018 में हुआ था। उस समय सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम 2021 लागू नहीं था, इसलिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा 2005 में जारी दिशानिर्देश इस समझौते पर लागू होते हैं।

### क्या है पूरा मामला?

अदालत ने कहा कि दिशानिर्देशों के नियम के अनुसार, दानकर्ता और सरोगेट मां को सभी अभिभावकीय अधिकार त्यागने होंगे। साथ ही कहा कि वर्तमान मामले में जुड़वां बच्चियां याचिकाकर्ता और उसके पति की बेटियां होंगी। याचिका के अनुसार दंपति समान्य प्रक्रिया से गर्भधारण नहीं कर सकते थे और याचिकाकर्ता की बहन स्वेच्छा से अपने अंडे दान करने के लिए आगे आई। दिसंबर 2018 में सरोगेट मां द्वारा गर्भ धारण किया गया और अगस्त 2019 में जुड़वां लड़कियों का जन्म हुआ। अप्रैल 2019 में अंडाणु दान करने वाली बहन और उसका परिवार सड़क हादसे की चपेट में आ गया जिसमें उसके पति और बेटी की मौत हो गई।

## महाराष्ट्र में 94 प्रतिशत युवा करियर के प्रति आशावादी : सर्वे

दोपहर संवाददाता | मुंबई

उच्च सामाजिक दबाव के बावजूद महाराष्ट्र में 94 प्रतिशत युवा आशावाद और आकांक्षाओं से भरपूर हैं। अपने सपनों को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र के युवा राष्ट्रीय औसत की तुलना में 1.5 गुना अधिक प्रयास करते हैं। यह बात एक सर्वे रिपोर्ट में सामने आई है। इसमें 20-24 साल की उम्र के 6,700 उत्तरदाताओं से प्राप्त जानकारी शामिल है, जो भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ब्राजील, मलेशिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे 7 देशों से हैं। यह सर्वे वीवो के आईकू ने साइबर मीडिया रिसर्च के साथ किया है। सर्वे रिपोर्ट में करियर से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातों पर लोगों खासकर युवाओं की राय प्रस्तुत की गई है।

## बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद और बांद्रा टर्मिनस-जयपुर के बीच सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें




**मुंबई।** पश्चिम रेलवे यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद और बांद्रा टर्मिनस-जयपुर के बीच विशेष किराये पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें चलाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

### 09053/09054 बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल (02 फेरे)

ट्रेन संख्या 09053 बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल बुधवार, 14 अगस्त, 2024 को बांद्रा टर्मिनस से 21.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05.30 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09054 अहमदाबाद-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 15 अगस्त, 2024 को अहमदाबाद से 08.45 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 17.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद और नाडियाद स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

### 09037/09038 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल (02 फेरे)

09037 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 15 अगस्त, 2024 को बांद्रा टर्मिनस से 21.40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.00 बजे जयपुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09038 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार, 16 अगस्त, 2024 को जयपुर से 19.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

# 30 रुपए के लिए दोस्त बना जान का दुश्मन

### आॅटो किराए की बहस में कर दी हत्या

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई के कुर्ला इलाके में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां 30 रुपये को लेकर दोस्त ने दोस्त की हत्या कर दी। विवाद ऑटो रिक्शा के किराए को लेकर हुआ था। हत्यारा और मृतक उत्तर प्रदेश के गोंडा के रहने वाले हैं। हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपी को कल्याण रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपी को कुर्ला पुलिस के हवाले किया गया। उसके बाद उससे हत्या किए जाने की वजह पूछी गई। आरोपी ने हत्या की बात कुबूलते हुए पूरी घटना के बारे में बताया। दोनों एक दूसरे के दोस्त थे और कुछ दिन पहले वह काम के सिलसिले में मुंबई आए थे। जिस वक्त वारदात हुई उस दौरान दोनों युवक शराब के नशे में थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी पर कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया है।



मृतक छक्कन अली (बाएं), आरोपी सैफ जाहिद अली (दाएं)

### कल्याण रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया आरोपी

पुलिस ने घटनास्थल इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। एक दो फुटेज में मृतक से झगड़ते हुए एक युवक को देखा। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया। इधर, हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जाहिद ट्रेन के जरिए गोंडा भागने के लिए कल्याण रेलवे स्टेशन पहुंच गया, जहां उसे मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जाहिद को कुर्ला पुलिस के हवाले कर दिया।

### UP के गोंडा से काम करने पहुंचे मुंबई

मुंबई पुलिस के मुताबिक, छक्कन और जाहिद दोनों दोस्त थे। वह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक ही गांव के रहने वाले हैं। दोनों काम के सिलसिले में मुंबई आए हुए थे और एक कपड़े के कारखाने में काम करते थे। वारदात वाली रात दोनों युवक ऑटो रिक्शा से कही जा रहे थे। चालक ने उनसे किराए के 30 रुपये मांगे। दोनों के बीच ऑटो रिक्शा के किराये को लेकर विवाद हो गया और वह एक दूसरे से झगड़ने लगे। गुस्से में जाहिद ने छक्कन के साथ मार पीट कर दी। झगड़े के बीच जाहिद ने छक्कन को धक्का दे दिया जिससे वह जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरने से छक्कन के खून निकलने लगा जिसे देखकर जाहिद डर गया और वहां से फरार हो गया।

# पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

## नंदीग्राम एक्सप्रेस के शौचालय में आत्महत्या करने से जुड़ा है मामला

दोपहर संवाददाता | मुंबई

दादर रेलवे स्टेशन पर नंदीग्राम एक्सप्रेस के शौचालय में 35 वर्षीय यात्री की आत्महत्या मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इनमें घाटकोपर के एक पूर्व नगरसेवक की पत्नी शामिल हैं। इस मामले की गहन छानबीन दादर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

### 9 अगस्त को बरामद हुआ था युवक का शव




दादर पुलिस ने 9 अगस्त को नंदीग्राम एक्सप्रेस के शौचालय से एक युवक का शव बरामद किया था। छानबीन के बाद पता चला कि मृत युवक का नाम बाबासाहेब साबले है और वह घाटकोपर का रहने वाला था। इस मामले में पुलिस ने मृत साबले की पत्नी सुनीता से पूछताछ की तो पता चला कि एक महिला से यौन उत्पीड़न के झूठे मामले में फंसाए जाने के बाद वह मानसिक तनाव में था। पत्नी का कहना है कि इसी मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए साबले हिंगोली चला गया था। वहां से लौटते समय उसे गिरफ्तारी का डर सता रहा था, इसीलिए उसने नंदीग्राम एक्सप्रेस के शौचालय में अपने मफलर की मदद से आत्महत्या की होगी।

### किसी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं

इस मामले में सोमवार रात को सुनीता की शिकायत पर दादर पुलिस ने रासिला चौहान, उनके पति महेंद्र चौहान, संतोष चौहान और अंतेश चौहान और किरण लांडगे के खिलाफ आत्महत्या के लिए भारतीय न्याय संहिता में उकसाने की धारा 108, 351 (2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया है। अभी तक पुलिस मामले की छानबीन कर रही है, किसी आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

दो बजे दोपहर INDIA GROUND REPORT



संपादकीय

# जलवायु अनुकूल फसलें

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों से हमारी खाद्य श्रृंखला को खतरा पैदा हो गया है। मानसून के पैटर्न में बदलाव, घातक गर्मी की लहरों, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा आये दिन आने वाले समुद्री तूफान कृषि उत्पादन के लिये संकट पैदा कर रहे हैं। इस बाबत इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की हालिया रिपोर्ट में खतरों के प्रति चेताया गया है। निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है, जिसका मुकाबला नई रणनीति बनाकर किया जा सकता है। आशंका जतायी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि के क्षेत्र व फसलों की पैदावार में भारी कमी आ सकती है। खासकर छोटे किसानों के लिये यह संकट बड़ा है जो पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन विषम परिस्थितियों में पैदावार को अक्षुण्ण रखने के लिये विशेष उपक्रम किये जाएं। इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एक दशक पहले जलवायु अनुकूल खेती में नवाचारों को लेकर अपनी परियोजना शुरू की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कई अधिक उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों का शुभारंभ करना इसी कड़ी का हिस्सा है। इस बाबत सरकार का कहना है कि अधिक पैदावार वाली गेहूं के बीजों की किस्मों को सफलता पूर्वक तैयार करने के बाद जलवायु प्रतिरोधी बीजों के साथ धान का रकबा बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। निस्संदेह, इस विकट पर्यावरणीय चुनौती का मुकाबला हम निरंतर स्वदेशी समाधानों के जरिये ही कर सकते हैं। जिसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जा रही है। निस्संदेह, देश में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रमों की कोई कमी नहीं है,लेकिन जरूरत इस बात की है कि उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाए। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से कृषि उत्पादन को संरक्षण देने और किसानों के हितों की रक्षा के लिये संसाधनों का बेहतर उपयोग बेहद जरूरी है। इसके साथ ही जल स्रोतों का संरक्षण, वन क्षेत्र की रक्षा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं के जरिये भूमि की उर्वरता बढ़ाने का उपक्रम भी करने की दरकार है। हमें खेती में कृत्रिम खादों के उपयोग में भी संयम बरतना चाहिये। इसी कड़ी में फसलों के विविधीकरण कार्यक्रम को भी गति देने की आवश्यकता है। इसके लिये किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। एक बड़ी आबादी की सामाजिक सुरक्षा के लिये तमाम खाद्यान्न योजनाएं सरकारी अन्न भंडारों के जरिये चलायी जा रही हैं। जिसकी पूर्ति खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाकर ही की जा सकती है। यह तभी संभव है जब हमारी कृषि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का मुकाबला करने में सक्षम हो।

# विकसित राष्ट्र में बदलने के दृष्टिकोण के अनुरूप है स्वतंत्रता दिवस 2024 की थीम

राजकुमार जैन



इस 15 अगस्त को औपनिवेशिक शासन से अपनी स्वतंत्रता की 78 वीं वर्षगांठ का जश्न मनाया जाएगा। भारत देश 200 वर्षों तक ब्रिटिशों के अधीन था, इस गुलामी से मुक्ति पाने के लिए लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दी थी। 15 अगस्त 1947 के एतिहासिक दिन हम भारतीयों ने ब्रितानी राज से स्वतंत्रता हासिल करने के साथ ही अपनी नियति का निर्माण स्वयं करने की स्वतंत्रता भी प्राप्त की थी । आजादी मिलने और अपने स्वतंत्र संविधान को अपनाने के बाद, इस देश ने अनेक आर्थिक, सामाजिक, और राजनीतिक निर्णय लिए और देश विकास की राह पर चलने लगा। स्वतंत्रता दिवस 2024 की थीम 'विकसित भारत' है, जो देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि भारत अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरेगा।

आज 77 सालों बाद पीछे मुड़कर देखने पर अपनी प्रगति देखकर हम गर्व के साथ रोमांचित भी हो जाते हैं। आज हमारा आजाद देश विज्ञान, खगोल विज्ञान, कृषि, चिकित्सा, सूचना प्रद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, खेल, आर्थिक, कला व वास्तुकला के क्षेत्र में बड़ी ऊंचाईयों को छू रहा है। देश लगातार प्रगति कर रहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र से लेकर प्रौद्योगिकी, नवाचार और संस्कृति का केंद्र बनने तक हमने अविश्वसनीय प्रगति की है। किसी भी देश के विकास में शिक्षित नागरिकों का सबसे बड़ा योगदान होता है इस क्षेत्र में हमने उल्लेखनीय प्रगति की है साक्षरता दर 12% से बढ़कर 77% हो गई हैं। देश में स्कूलों की संख्या एक लाख 40 हजार से बढ़कर 15 लाख हो गई है, शिक्षा और ज्ञान के केंद्र विश्वविद्यालयों की संख्या 1265 हो गई हैं। नए भारत में कॉलेजों की संख्या 50,734 तक पहुँच गई है।

स्वस्थ जनसंख्या किसी भी विकसित राष्ट्र की आधारशिला होती है और स्वस्थ नागरिक एक मजबूत देश का निर्माण करते हैं, महज 9 मेडिकल कॉलेज से शुरू हुआ सफर 731 कॉलेज तक पहुँच चुका है जहां हर साल 1 लाख से भी अधिक छात्र डॉक्टर बनाने के लिए प्रवेश लेते हैं। 69000 अस्पताल और 13 लाख डॉक्टर्स की मौजदगी के चलते मातृत्व मृत्यु दर 2000 से घटकर मात्र 103 रह गई है इसके साथ ही शिशु मृत्यु दर प्रति एक हजार में 150 से घटकर 27.6 हो गई है। आज देश में 599 राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ 67 लाख किलोमीटर तक फैला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़कों का जाल मौजूद है, जो आर्थिक विकास में महती योगदान देता है। आज़ादी के बाद भारतीय रेल देश के विकास के लिए आधुनिक तकनीक से साथ कदम से कदम मिलाकर चलती रही है। आज हमारे रेल नेटवर्क की लंबाई 1.126 लाख किलोमीटर से ज़्यादा है। इसी तरह हवाई उड़ान सेवा किसी भी विकासशील देश की परिवहन सेवा का एक अहम हिस्सा होता है और देश की तरक्की का अभिन्न अंग भी। आज़ादी के समय यह सेवा महज नौ कम्पनीयों द्वारा देश चुनिंदा लोगों को ही उपलब्ध कारवाई जाती थी और आज देश में 39 एयर ट्रासंपोर्ट कंपनियां हैं जो 148 हवाई अड्डों से संचालित 700 से ज्यादा विमानों द्वारा 376.43 मिलियन लोगों को अपनी सेवाये प्रदाय करती हैं। बिजली का दर्जा जीवन रेखा की तरह समझा जाता है, विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में तीव्रता से काम करते हुए हमारी क्षमता 1,362 मेगावाट से बढ़कर 400,000 मेगावाट तक पहुंच गई है, जिसके चलते आज 6 लाख से अधिक गांव बिजली से रौशन हैं। अंतरिक्ष में अपनी धाक जमाने का पहला प्रयास 21 नवंबर 1963 को केरल के तिरुवंतपुरम के पास थुंबा में हुआ था । तब राकेट को प्रक्षेपण स्टेशन तक साइकिल से ले जाया गया था। उस समय अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों के पास अपना कोई कार्यालय तक नहीं था, और आज हमने चंद्रयान-3 लॉन्च करके चाँद पर पहुंचने वाले चौथे देश की उपाधि हासिल कर ली है।

किसी भी देश के द्वारा किया जाने वाले निर्यात, देश की वित्तीय और आर्थिक साख को तय करने में अहम भूमिका निभाता है। भारत के निर्यात दर की बात करें तो साल 1950-51 की 1.127 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023-24 में यह 776.68 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है। तकनीक के मामले में भी देश ने शानदार कामयाबियां हासिल की हैं। 1986 में भारत में इंटरनेट आया, उस दौर में यह केवल शिक्षा और अनुसंधान के लिए ही उपलब्ध था। लेकिन आज देश में 954.40 मिलियन लोग इंटरनेट के ग्राहक हैं, जिनमें से 398.35 मिलियन ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे का मानना है कि अगले एक दशक में भारत की इकॉनमी 3 ट्रिलियन डॉलर से 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। विकसित भारत का संकल्प चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह असंभव नहीं है तो आसान भी नहीं है। विकसित देश बनने की राह में भारत को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सतत प्रगति के लिए कुशल शासन महत्वपूर्ण है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना, लालफीताशाही को कम करना और पारदर्शिता को बढ़ावा देना चिरस्थायी चुनौतियाँ हैं। विशाल जनसंख्या हमारी सबसे बड़ी चुनौती है जो संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है। विभिन्न वर्गों के मध्य आय असमानताएँ बनी हुई हैं। सामाजिक न्याय को बढ़ावा देकर अलग थलग पड़े समुदायों के उत्थान के लिए समान अवसर प्रदान करने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र अभी भी अपर्याप्त बुनियादी ढाँचे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुँच और स्वास्थ्य सेवा असमानताओं से जूझ रहे हैं। कुपोषण से लेकर गैर-संचारी रोगों तक की स्वास्थ्य चुनौतियां सामने हैं । स्नातकों और कामगारों द्वारा अर्जित कौशल और उद्योगों की मांग के बीच अंतर है, जो आर्थिक उत्पादकता और नवाचार में बाधा उत्पन्न कर सकता है। हालांकि भारत ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। परिवहन नेटवर्क का आधुनिकीकरण, सड़कों, रेलवे और हाई-स्पीड इंटरनेट में निवेश ज़रूरी है। भारत को कृषि क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है, जैसे कि विवादास्पद कृषि कानून। स्वतंत्र भारत में नाम, जाति, धर्म, स्थान से परे हम सब भारतवासियों की एक ही पहचान है "भारत का नागरिक होना" ।

जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें अपनी संस्कृति, अपनी भाषाओं, अपनी परंपराओं और अपने मूल्यों की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना भी याद रखना चाहिए। विविधता में हमारी एकता ही हमें अद्वितीय बनाती है, और यही एकता हमें एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जाएगी। आइए आज हम इस महान राष्ट्र के पथप्रदर्शक बनने, इसके मूल्यों को बनाए रखने और इसकी प्रगति के लिए एक देशभक्त नागरिक के रूप में अथक और ईमानदार प्रयास करने का संकल्प लें।

सहज योग

# मानव उच्च चेतना से परिचित हो



सारी खोज के पीछे में आनन्द की प्यास आपको घसीटे चली जा रही है किसी अज्ञात की ओर, सारी ही खोजों में ढूंढते ढूंढते जब मनुष्य हार जाता है, और कहीं मिलता नहीं तो पर इसका बोझा बढ़ता जाएगा। अगर मैं कहू कि कोई बोझा न रखो तो उसका भी बोझा बनता जाएगा।

वास्तविक जो चीज स्थित है, जो है ही उसका अविष्कार कैसे होता है? जैसे कि कोलम्बस हिन्दुस्तान खोजने के लिए चल पड़ा था तब क्या हिन्दुस्तान नहीं था? यदि नहीं होता तो खोज किस चीज की कर रहा था। सहजयोग तो है ही पहले ही से है। इसका पता सिर्फ अभी लगा है।

सहजयोग, ये परम तत्व का अपना तरीका है। यह एक ही मार्ग है, मानव जाति को उत्क्रान्ति (Evolution) के उस आयाम में उस (Dimension) में पहुंचाने का एक तरीका है, एक व्यवस्था है, जिससे मानव उच्च चेतना से परिचित हो जाए। उस चेतना से आत्मसात हो जाए जिसके सहारे ये सारा संसार, सारी सृष्टि और मानव का हृदय भी चल रहा है। बहुत कुछ इसके बारे में लिखा गया है, पुरातन कालों से ही खोज होती रही, मनुष्य खोज कुछ रहा ही है हर समय, चाहे वो पैसे में खोज ले, चाहे वो सत्ता में खोज ले चाहे वो प्रेम में खोज ले, वो किसी न किसी खोज की ओर दौड़ रहा है। लेकिन उस खोज के पीछे में कौन सी प्यास है वो शायद वो जानता नहीं। इसके पीछे में सिर्फ आनन्द की खोज है, आनन्द की खोज में वो सोचता है कि बहुत सी गर सम्पत्ति इकट्ठा कर ले तो उस आनन्द में लय हो सकता है। लेकिन ऐसे भी देश अनेक हैं जिन्होंने सम्पत्ति में बहुत कुछ प्रगति कर ली, बहुत कुछ पा लिया है और अत्यन्त दुखी हैं। आनन्द तो दूर रहा, हजारों लोग वहाँ आत्महत्याएं कर रहे हैं! सारी खोज के पीछे में आनन्द की प्यास आपको घसीटे चली जा रही है किसी अज्ञात की ओर, सारी ही खोजों में ढूंढते ढूंढते जब मनुष्य हार जाता है, और कहीं मिलता नहीं तो पर इसका बोझा बढ़ता जाएगा। अगर मैं कहू कि कोई बोझा न रखो तो उसका भी बोझा बनता जाएगा। इसी तरह की व्यवस्था परमात्मा ने हमारे अन्दर कर दी है कि मन से हम जो भी करेंगे वह बोझिल हो जाएगा और उस बोझे के नीचे हम दबे हुए उड़ नहीं सकते वहां पर जहां पर हमें जाना है। इसीलिए खोज आज तक अधूरी ही रही है। लेकिन नव निर्माण की बात मैं आप से करने वाली हूं सिर्फ बात ही नहीं इसका अविष्कार, जो खोज निकाला है। उत्क्रान्ति के मार्ग में ऐसा नहीं होता रहा है कि कोई प्राणी अति विशेष Specialization में या विशेषज्ञ हो गया तो वो गिर जाता है, वो खत्म हो जाता है। इसी तरह से मनुष्य का भी हुआ जा रहा है कि इतना ज्यादा आपस की जो विरोध और Competiton चल रही है उससे मनुष्य ने भी अपने दिमाग को इतना ज्यादा विशेषज्ञ कर लिया है कि वो फटा चला जा रहा है उसका दिमाग और एक अब नया तरह का मानव आने की जरूरत है जो मन से परे उस शक्ति को जान ले जो इस मन को भी चलाता है और इस हृदय का भी स्पन्दन करता है। उस शक्ति को जानने के बारे में कितनी भी बातें आप करिए और कितना ही इस पर प्रयत्न करें आप वहां तक नहीं पहुंच सकते। ये बात निःसन्देह है। ऐसे तो सभी ने यहीं लिखा है जो मैं कह रही हूं।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

शख्सियत | वराहगिरी वेंकट गिरी

## भारत रत्न से सम्मानित राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता



वराहगिरी वेंकट गिरी ओडिशा के बेरहामपुर के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और कार्यकर्ता थे, जिन्होंने 24 अगस्त 1969 से 24 अगस्त 1974 तक भारत के चौथे राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। वह भारत के तीसरे उपराष्ट्रपति भी रहे। उनके बाद 1974 में फखरुद्दीन अली अहमद राष्ट्रपति बने। उनके पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति के बाद, गिरि को 1975 में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

वराहगिरि वेंकट गिरि का जन्म 10 अगस्त, 1894 में बरहामपुर में एक तेलुगु भाषी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता, वराहगिरि वेंकट जोगैया पंतुलु, एक प्रतिष्ठित और समृद्ध वकील थे। युवा लड़के ने अपनी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा अपने गृहनगर में पूरी की। कानून का अध्ययन करने के लिए, वी.वी. गिरि 1913 में यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन गए। उसी वर्ष उनकी मुलाकात गांधीजी से हुई, जिन्होंने गिरि को गहराई से प्रभावित किया और अंततः उन्हें एहसास कराया कि स्वतंत्रता संग्राम कानून से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कॉलेज में, गिरि सिन फेन आंदोलन में शामिल हो गए जिसके कारण उन्हें 1916 में आयरलैंड से निष्कासित कर दिया गया, जिससे वह अपनी कानून की डिग्री पूरी करने में असमर्थ हो गए। 1957 से गवर्नर पद पर रहते हुए भी उन्होंने इंडियन कॉन्फ्रेंस ऑफ सोशल वर्क के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। फिर एक दशक तक विभिन्न भारतीय राज्यों के राज्यपाल रहने के बाद, उन्हें 1967 में भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में चुना गया। 1969 में, जब तत्कालीन राष्ट्रपति जाकिर हुसैन का निधन हो गया, तो वी.वी. गिरी कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। फिर, उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ा और अपनी पार्टी के सदस्यों के शुरुआती विरोध के बाद, जिन पर उन्होंने जीत हासिल की, वे भारत के चौथे राष्ट्रपति बने और 1974 तक सेवा की।

भारत सरकार ने उनके योगदान और उपलब्धि को मान्यता दी जब उन्हें सम्मानित किया गया। 1975 में भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न। अपने पूरे जीवन में, वी.वी. गिरी अपने वक्तृत्व कौशल के लिए विख्यात रहे। वह एक विपुल लेखक भी थे जिन्होंने ₹औद्योगिक संबंध₹ और ₹भारतीय उद्योग में श्रमिक समस्याएं₹ पर किताबें लिखी हैं। वी. वी. गिरि ने जीवन के शुरुआती दिनों में ही सरस्वती बाई से शादी कर ली। गिरि का 85 वर्ष की आयु में वर्ष 1980 में चेन्नई में निधन हो गया।

जीवन ऊर्जा | बर्टोल्ट ब्रेख्त : निधन- 14 अगस्त, 1956 | देहावसान

# गरीबी आपको उदास करती है, तो यह बुद्धिमान भी बनाती है

बर्टोल्ट ब्रेख्त का जन्म 10 फरवरी 1898 में ऑग्सबर्ग, बावरिया में हुआ था। वह प्रसिद्ध जर्मन कवि, नाटककार और नाट्य निर्देशक थे। उनकी मृत्यु 14 अगस्त 1956 को जर्मनी में हुई।



सभी खुशी के पीछे भागते हैं, जबकि वे नहीं जानते कि खुशी उनके कदमों के नीचे है। मौत से डरो मत, यह आधे-अधूरे जीवन की तुलना में कम भयावह होती है। ज्ञान की दुनिया भी अजीब है। यहां सिखाने वाले अध्यापक खुद भी सीखते है की क्या सीखना है। गरीबी आपको उदास करती है, तो यह बुद्धिमान भी बनाती है। लोग वही के वही बने रहते है, तब भी जबकि उनके मुखौटे निकल चुके होते हैं। प्रचार में कई तत्व होते है। इनमें नेतृत्व सबसे पहला है। बाकी सारे तत्व दूसरे स्थान पर है। कानून बनाने का एक मात्र उद्देश्य उन लोगों का शोषण करना है जो इनके बारे में नहीं जानते। ताकि वे चुपचाप अपने दुखों को सहते रहे। कई बार अपनी इच्छा को पूरा करने के बजाय एक इंसान बनना ज्यादा महत्वपूर्ण है। अगर अच्छाई की मांग नहीं होगी तो लोग ज्यादा समय तक अच्छे नहीं बनना चाहेंगे। भूखा आदमी किताब की ओर जाता है यह एक हथियार है। बुद्धिमता का अर्थ कोई गलती न करना नहीं है, बल्कि आप कितनी जल्दी गलती को सुधारते है, वह बुद्धिमता है। पूरा समाज लम्बे समय तक एक ही भाषा में बातचीत नहीं कर सकता,क्योंकि यह युद्धरत समूहों में बंटा हुआ है। एक बैंक की स्थापना करके लोगों को लूटना ज्यादा आसान है, बजाय इसके की बैंक क्लर्क को बंधक बना के लूटा जाए। लालची व्यवहार से भयानक कुछ भी नहीं। हर कोई, हर किसी की मदद चाहता है। जो लोग सच नहीं जानते है वह कठपुतली होते है, लेकिन जिन लोगों को सत्य का पता होता है और वे इसे झूठ कहते है, वह इस दुनिया में सबसे बड़ा अपराधी है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भक्त नामदेव पर भगवान विट्ठल की कृपा

(भाग 1)



राकन्धे पर कपड़े का थान लादे और हाट-बाजार जाने की तैयारी करते हुए नामदेव जी से पत्नि ने कहा- भगत जी! आज घर में खाने को कुछ भी नहीं है। आटा, नमक, दाल, चावल, गुड़ और शक्कर सब खत्म हो गए हैं।

शाम को बाजार से आते हुए घर के लिए राशन का सामान लेते आइएगा। भक्त नामदेव जी ने उत्तर दिया- देखता हूँ जैसी विट्ठल जी की इच्छा । अगर कोई अच्छा मूल्य मिला, तो निश्चय ही घर में आज धन-धान्य आ जायेगा। पत्नि बोली संत जी! यदि अच्छी कीमत ना भी मिले, तब भी इस बुने हुए थान को बेचकर कुछ राशन तो ले आना। घर के बड़े-बूढ़े तो भूख बर्दाश्त कर लेंगे। पर बच्चे अभी छोटे हैं, उनके लिए तो कुछ ले ही आना। जैसी मेरे विट्ठल की इच्छा।

ऐसा कहकर भक्त नामदेव जी हाट-बाजार को चले गए। बाजार में उन्हें किसी ने पुकारा-- वाह साँई! कपड़ा तो बड़ा अच्छा बुना है और ठोक भी अच्छी लगाई है। तेरा परिवार बसता रहे। ये फकीर ठंड में काँप-काँप कर मर जाएगा।

दया करके भगवान् के नाम पर दो चादरों का कपड़ा इस फकीर के ऊपर ओढा.दे। भक्त नामदेव जी- दो चादरे में कितना कपड़ा लगेगा फकीर जी! फकीर ने जितना कपड़ा माँगा, संयोग से भक्त नामदेव जी के थान में कुल कपड़ा उतना ही था। और भक्त नामदेव जी ने पूरा थान उस फकीर को दान कर दिया।

दान करने के बाद जब भक्त नामदेव जी घर लौटने लगे तो उनके सामने परिजनों के भूखे चेहरे नजर आने लगे।

फिर पत्नि की कही बात कि घर में खाने की सब सामग्री खत्म है। दाम कम भी मिले तो भी बच्चो के लिए तो कुछ ले ही आना। अब दाम तो क्या, भक्त नामदेव जी एकांत में पीपल की छाँव मे बैठ गए। जैसी मेरे विट्ठल की इच्छा। जब सारी सृष्टि की सार पूर्ती वो खुद करता है, तो अब मेरे परिवार की सार भी वो ही करेगा। और फिर भक्त नामदेव जी अपने हरि विट्ठल के भजन में लीन गए। अब भगवान कहां रुकने वाले थे। भक्त नामदेव जी ने सारे परिवार की जिम्मेवारी अब उनके सुपुर्द जो कर दी थी। अब भगवान जी ने भक्त जी की झोंपड़ी का दरवाजा खटखटाया।

नामदेव जी की पत्नी ने पूछा- कौन है?

नामदेव का घर यही है ना? भगवान जी ने पूछा। अंदर से आवाज हां जी.... यही है,आपको कुछ चाहिये। भगवान सोचने लगे कि धन्य है नामदेव जी का परिवार घर मे कुछ भी नही है फिर भी हृदय मे देने की, सहायता की जिज्ञासा है। भगवान बोले दरवाजा खोलिये लेकिन आप कौन? भगवान जी ने कहा- सेवक की क्या पहचान होती है भगतानी? जैसे नामदेव जी विट्ठल के सेवक, वैसे ही मैं नामदेव जी का सेवक हूं। ये राशन का सामान रखवा लो।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## परेशानियों से लड़ने का हल

एक व्यक्ति अपने जीवन में बहुत परेशान था। हमेशा छोटी छोटी चीजों में उलझा रहता था। एक दिन वह पूरी तरह से परेशान हो गया और वह अपने गुरु के पास गया। गुरु जी मैं बहुत परेशान हु। धीरे धीरे मानसिक बीमारी का शिकार हो रहा हूं। गुरुजी एक गिलास में पानी भरते हैं उसमें मुट्ठी भर नमक डालते हैं और उस व्यक्ति को कहते हैं की पी लीजिए। वह व्यक्ति पानी पीते ही जोर से चिल्लाता है गुरु जी यह कैसा मजाक है? इतना खारा पानी मुझे क्यों पिला रहे हो? गुरुजी उसे मीठे तालाब की ओर ले जाते हैं। वहा भी गुरुजी मुट्ठी भर नमक डालते हैं फिर वह पानी उसे पीने बोलते हैं। व्यक्ति पानी पीकर तृप्त हो जाता है और कहता है कि यह बहुत ही मीठा पानी है इसे पीकर संतुष्ट हो गया। गरुजी उसे समझाते हैं कि जीवन में हर व्यक्ति किसी ना किसी चीज से परेशान है। जो व्यक्ति की सकारात्मक ऊर्जा तालाब की तरह है उसे छोटे-छोटे परेशानियों से कुछ फर्क नहीं पड़ता । उसकी परेशानी कितनी भी बड़ी हो पर उसकी सकारात्मक ऊर्जा उससे भी कहीं अधिक बड़ी होनी चाहिए।

## महत्वपूर्ण दान

भगवान बुद्ध एक दिन पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठे हुए थे। हर भक्त की भेंट स्वीकार कर रहे थे। तभी एक वृद्ध महीला आई। उसने कांपती हुई आवाज में कहा 'भगवन, मैं बहुत गरीब हूं। मेरे पास आपको भेंट देने के लिए कुछ भी नहीं है। हां, आज एक आम मिला है। मैं इसे आधा खा चुकी थी, तभी पता चला कि तथागत आज दान ग्रहण करेंगे। अतः मैं यह आम आपके चरणों में भेंट करने आई हूं। कृपा कर इसे स्वीकार करें। गौतम बुद्ध ने अपनी पात्र में वह आधा आम प्रेम और श्रद्धा से रख दिया, मानो कोई बड़ा रत्न हो। वृद्धा संतुष्ट भाव से लौट गई। वहां उपस्थित राजा यह देखकर चकित रह गया। उसे समझ नहीं आया कि भगवान बुद्ध वृद्धा का जूठा आम प्राप्त करने के लिए आसन छोड़कर नीचे तक, हाथ पसारकर क्यों आए? पूछा 'भगवन, इस वृद्ध में और इसकी भेंट में क्या ऐसी विशेषता है?बुद्ध मुस्कराकर बोले राजन, इस वृद्धा ने अपनी सम्पूर्ण संचित पूंजी मुझे भेंट कर दी जबकि आप लोगों ने अपनी सम्पूर्ण सम्पति का केवल एक छोटा भाग ही मुझे भेंट किया है। दान के अहंकार में डूबे हुए बग्घी पर चढ़कर आए हो। वृद्धा के मुख पर कितनी करूणा और कितनी नम्रता थी। युगों-युगों के बाद ऐसा दान मिलता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# सही जानकारी के साथ पीएं तांबे के बर्तन में पानी



तांबे के बर्तन में पानी पीने की प्राचीन परंपरा न केवल भारतीय संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से भी बेहद लाभकारी मानी जाती है। तांबे का जल एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल, और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है, जो पाचन तंत्र, त्वचा, और मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। लेकिन, इसकी अधिकता से होने वाले जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, इसे सही तरीके से उपयोग करना जरूरी है।

## तांबे के बर्तन में पानी के फायदे

1. **एंटीऑक्सीडेंट गुण:** तांबा एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। यह शरीर में मुक्त कणों (फ्री रेडिकल्स) को नष्ट करने में मदद करता है, जो उम्र बढ़ने और अन्य बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

2. **वजन घटाने में सहायक:** तांबे का जल पीने से पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है, जिससे मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है। यह वजन घटाने की प्रक्रिया को तेज कर सकता है, क्योंकि यह शरीर में फैट को प्रभावी ढंग से बर्न करने में मदद करता है।

3. **त्वचा की समस्याओं के लिए लाभकारी:** तांबे में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा की समस्याओं जैसे मुंहासे और संक्रमण को रोकने में मदद कर सकते हैं। तांबे का जल पीने से त्वचा साफ और स्वस्थ रहती है।

4. **मस्तिष्क स्वास्थ्य:** तांबा मस्तिष्क की कोशिकाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देने में मदद करता है। यह तंत्रिका तंत्र की कार्यक्षमता में सुधार करता है, जिससे मेमोरी और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है।

## तांबे के बर्तन के सही उपयोग और टिप्स

1. **बर्तन की सफाई :** तांबे के बर्तन को साफ करने के लिए कभी भी कठोर रासायनिक पदार्थों का उपयोग न करें। नींबू के रस और नमक का मिश्रण प्राकृतिक रूप से इसे साफ और चमकदार रखने में मदद करता है।

2. **अधिक समय तक पानी न रखें:** तांबे के बर्तन में पानी को 8 से 10 घंटे तक रखने के बाद ही पीना चाहिए। इसे अधिक समय तक रखने से तांबे की मात्रा बढ़ सकती है, जो हानिकारक हो सकता है।

3. **सावधानीपूर्वक उपयोग :** तांबे के बर्तन को बार-बार न इस्तेमाल करें। इसे सप्ताह में 3-4 बार उपयोग करना पर्याप्त होता है। अधिक मात्रा में तांबे का सेवन शरीर में तांबे के विषाक्तता का कारण बन सकता है, जिससे लिवर और किडनी को नुकसान हो सकता है।

4. **बर्तन की गुणवत्ता :** तांबे के बर्तन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। शुद्ध तांबे के बर्तन का ही उपयोग करें, जिसमें अन्य धातुओं का मिश्रण न हो।

## विशेषज्ञों की सलाह

विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि तांबे के बर्तन का उपयोग संयम और सही जानकारी के साथ किया जाना चाहिए। अगर आपको किसी प्रकार की एलर्जी या धातुओं से संबंधित समस्याएं हैं, तो तांबे का उपयोग शुरू करने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना आवश्यक है। तांबे के बर्तन में पानी पीने के फायदे बहुत हैं, लेकिन इसके सही और सुरक्षित उपयोग पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।

# बेहतर नींद के लिए करें ध्यान



नींद की गुणवत्ता को सुधारने के लिए ध्यान (मेडिटेशन) एक बेहद प्रभावी तरीका है, जो न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि शरीर को गहरे विश्राम की अवस्था में ले जाता है। ध्यान की विभिन्न विधियां, जैसे श्वास ध्यान, योग निद्रा, और मंत्र ध्यान, तनाव को कम करने और नींद को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। इन तकनीकों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप अधिक शांति और संतुलन के साथ गहरी और सुकून भरी नींद पा सकते हैं।

### श्वास ध्यान

श्वास ध्यान एक बहुत ही सरल और प्रभावी तरीका है। इसके लिए आपको सिर्फ अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। आप शांत जगह पर बैठे या लेट जाएं। धीरे-धीरे गहरी सांस लें और छोड़ें। सांस लेते समय महसूस करें कि आपका पेट कैसे ऊपर और अंदर की तरफ आता-जाता है। अगर आपका मन भटकता है, तो उसे वापस सांसों पर केंद्रित करें। यह विधि आपके मन को शांत करती है और नींद में सुधार लाती है।

### साक्षी ध्यान

साक्षी ध्यान में, आप अपने विचारों और भावनाओं को बिना जजमेंट के देखते हैं। किसी भी आरामदायक स्थिति में बैठें या लेट जाएं। अपनी आंखें बंद करें और अपने मन में आने वाले विचारों को देखें, लेकिन उनमें उलझें नहीं। बस उन्हें आते-जाते देखें। इससे आपका मन शांत होता है और चिंता कम होती है, जो अच्छी नींद में सहायक है।

### सलाह

ध्यान के दौरान शांत स्थान चुनें, नियमित अभ्यास करें, और खुद को धैर्यपूर्वक प्रशिक्षित करें। अगर कोई स्वास्थ्य समस्या हो, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। अनुशासन और संयम बनाए रखें।

### दृश्य ध्यान

इस ध्यान विधि में आप अपने मन में एक शांतिपूर्ण और सुखद स्थान की कल्पना करते हैं। यह एक समुद्र तट, जंगल, या किसी पहाड़ी की चोटी हो सकता है। इस स्थान की सभी बारीकियों को सोचें - वहां की आवाज़ें, खुशबू, और वातावरण। यह कल्पना आपको एक गहरी और शांतिपूर्ण स्थिति में ले जाती है, जो नींद को प्रोत्साहित करती है।

### मंत्र ध्यान

मंत्र ध्यान में, आप एक शब्द, वाक्य, या ध्वनि का बार-बार जाप करते हैं। यह मंत्र कोई भी हो सकता है, जैसे ₹ओम₹ या कोई अन्य शांतिपूर्ण शब्द। इसे धीरे-धीरे और स्थिर गति से दोहराएं, ध्यान केंद्रित करते हुए। जब आपका मन भटकता है, तो इसे फिर से मंत्र पर ले आएं। इस ध्यान विधि से मन शांत होता है और नींद जल्दी आती है।

# फैट कम करने के लिए सोने से पहले पीएं हर्बल ड्रिंक



वजन घटाने और फैट कम करने के लिए, सोने से पहले कुछ हर्बल ड्रिंक्स मददगार हो सकते हैं।* रात में शरीर को आराम और पुनर्रचन की जरूरत होती है, और सही हर्बल ड्रिंक इस प्रक्रिया को समर्थन दे सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, सोने से पहले कुछ विशेष हर्बल ड्रिंक्स का सेवन करने से मेटाबॉलिज्म को बढ़ाया जा सकता है, वसा जलाने में मदद मिलती है और नींद में सुधार होता है। यहाँ कुछ प्रभावशाली हर्बल ड्रिंक्स की जानकारी दी गई है:



### ग्रीन टी

ग्रीन टी में कैटेचिन और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो मेटाबॉलिज्म को तेज करने और फैट बर्न करने में सहायक होते हैं। सोने से पहले एक कप हरी चाय पीने से शरीर को प्राकृतिक तरीके से वसा को जलाने में मदद मिलती है।

### कैमोमाइल टी

कैमोमाइल टी को रात में पीने से न केवल नींद में सुधार होता है, बल्कि यह वजन घटाने में भी सहायक हो सकती है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो पाचन में सुधार लाते हैं और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं।

### मिंट टी

मिंट टी की ताजगी शरीर को ठंडक प्रदान करती है और पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। यह अपच और सूजन को कम करने में मदद करती है, जिससे रात को आराम से सोना आसान होता है।

### जीरा और अदरक का पानी

जीरा और अदरक का पानी पाचन को बेहतर बनाता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालता है। यह मेटाबॉलिज्म को उत्तेजित करता है और फैट को जलाने में मदद करता है।

### लेमन ग्रास टी

लेमन ग्रास टी डिटॉक्सिफाइंग गुणों से भरपूर होती है। यह शरीर को डिटॉक्स करती है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देती है, जिससे वसा कम करने में सहायता मिलती है।

### लैवेंडर टी

लैवेंडर टी रात की अच्छी नींद में सहायक होती है और मानसिक तनाव को कम करती है। शांतिपूर्ण नींद से शरीर को फैट बर्न करने में मदद मिलती है। इन हर्बल ड्रिंक्स को सोने से लगभग 30 मिनट पहले पीना फायदेमंद हो सकता है। इन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करने से वजन घटाने में सहायक प्रभाव देखे जा सकते हैं।

# सेरोटोनिन को बढ़ावा देने वाले फूड

संतुलित मूड और खुशहाल जीवन के लिए, सेरोटोनिन एक महत्वपूर्ण हार्मोन है। सेरोटोनिन मस्तिष्क और पूरे तंत्रिका तंत्र में पाया जाता है और यह हमारे मूड, नींद, और भूख को नियंत्रित करता है। इसके स्तर को बढ़ाकर हम मानसिक स्थिति को सुधार सकते हैं और तनाव कम कर सकते हैं। यहाँ सात खाद्य पदार्थ हैं जो सेरोटोनिन को प्राकृतिक तरीके से बढ़ा सकते हैं:

### अखरोट

अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड और ट्रिप्टोफैन होता है, जो सेरोटोनिन के उत्पादन में मदद करता है। यह मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बनाए रखने और मूड को बेहतर बनाने में सहायक है।

### पौधों में पाया जाने वाला फाइबर

फाइबर युक्त फूड, जैसे सेब और हरी पत्तेदार सब्जियाँ, सेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा देते हैं। ये खाद्य पदार्थ शरीर को आवश्यक विटामिन और खनिज प्रदान करते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं।

### दही

दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो आंतों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। स्वस्थ आंतों की स्थिति सेरोटोनिन के स्तर को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि 90% सेरोटोनिन आंतों में ही पाया जाता है।

### केला

केला में उच्च मात्रा में ट्रिप्टोफैन होता है, जो सेरोटोनिन का पूर्ववर्ती है। नियमित रूप से केला खाने से सेरोटोनिन के स्तर में सुधार हो सकता है और मूड बेहतर हो सकता है।

### चॉकलेट

डार्क चॉकलेट में सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाने में सहायक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। यह तनाव कम करने और खुशी के अहसास को बढ़ाने में मदद करता है।

### ओट्स

ओट्स में विटामिन B6 और मैग्नीशियम होते हैं, जो सेरोटोनिन के निर्माण में योगदान करते हैं। यह नाश्ते के रूप में अच्छा विकल्प है, जो ऊर्जा और अच्छा मूड प्रदान करता है।

### पोमेग्रेनेट

पोमग्रेनेट में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन C होते हैं, जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं और सेरोटोनिन के स्तर को स्थिर करते हैं। इन खाद्य पदार्थों को अपनी नियमित आहार में शामिल करके आप अपने सेरोटोनिन स्तर को स्वाभाविक तरीके से बढ़ा सकते हैं और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।



# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पठन-पाठन व लेखन आदि में मन लगेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त हो सकता है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष:** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। बाहर जाने का मन बनेगा।

**मिथुन:** अपेक्षित कार्यों में बाधा होगी। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास हानि का कारण बनेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी। शोक समाचार मिल सकता है। पुराना रोग परेशानी का कारण रहेगा।

**कर्क:** अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती हैं। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। लाभ में कमी रहेगी। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**सिंह:** रुका हुआ धन प्राप्त होने की संभावना है। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग आत्मशांति देगा। शत्रु पस्त होंगे। नौकरी में अधिकारी आप पर ध्यान देंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। वरिष्ठजनों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भाग्य अनुकूल है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यस्तता रहेगी।

**तुला:** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। जीवनसाथी से तनाव रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी अन्य व्यक्ति के उकसावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। झंझटों से दूर रहें।

**वृश्चिक:** परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। प्रमाद न करें। तीर्थदर्शन सुलभ हो सकते हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में तनाव रहेगा। कार्यभार बढ़ सकता है।

**धनु:** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। व्यापार वृद्धि के लिए योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर:** भेंट व उपहार की प्राप्ति से मान बढ़ेगा। बेरोजगारी दूर होने के योग हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलता

**कुंभ:** संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। कोई बड़ा कार्य हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाइयों से सहयोग प्राप्त होगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लापरवाही से कोई भी कार्य न करें।

**मीन:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। कार्यों में गति आएगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा।

# लग्नेश का अलग-अलग भाव में फल




(1) लग्नेश लग्न में स्थित हो तो बहुत अच्छा होता है आप अपने जीवन में स्वयं से आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए, आपको किसी के मदद की विशेष जरूरत नहीं होती है।

(2) लग्नेश द्वितीय स्थान में स्थित हो तो आपको अपने परिवार व कुटुंब की मदद व सलाह लेनी चाहिए तथा आपको अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपनी वाणी व धन का उचित उपयोग करना चाहिए।

(3) लग्नेश तृतीय भाव में होने पर जीवन में आगे बढ़ने के लिए पराक्रम करना बहुत जरूरी होता है और इस पराक्रम में अपने से अनुज लोगों का सहयोग लेना चाहिए।

(4) लग्नेश चतुर्थ भावस्थ हो तो माता का सहयोग व उनकी सलाह लेनी चाहिए।



प्रियंका जैन
9769994439

(5) लग्नेश पंचम भाव में हो तो संतान को अपना सहयोगी बना लेना चाहिए तथा अपने बुद्धि विवेक का उचित प्रयोग करना चाहिए।

(6) लग्नेश छठे स्थित हो तो अपने ननिहाल पक्ष से सहयोग लेना चाहिए और अपने परिश्रम करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए, यहीं से आपकी उन्नति का मार्ग खुलेगा।

## खबर संक्षेप

### नवादा में पीएम आवास योजना में लाखों का घपला उजागर

**नवादा।** नवादा में पीएम आवास योजना की राशि चयनति लाभुक की जगह दूसरे के बैंक खाते में ट्रांसफर कर बड़े पैमाने पर घपले को अंजाम दिया गया है। मामला नवादा जिले के सिरदला प्रखंड का है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत धिरौंध में आवास सहायक द्वारा अपात्र लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराया गया, जहां आवास किसी और का तो राशि किसी और के खाते में भेज दी गई। कहीं आवास पूर्ण भी नहीं हुआ है और पूर्ण दिखा दिया गया है तो किसी को प्रथम किस्त ही मिली है। आवास पूर्ण हो गया तो किसी की राशि और निकाल ली, कोई आधा-अधूरा आवास पूर्ण करने के लिए राशि के इंतजार में है। बताया जा रहा है कि पूरे सिरदला प्रखंड के धिरौंध पंचायत के हेमजा भारत गांव में प्रधानमंत्री आवास पूर्ण हो गया है।

### किरोड़ीलाल ने प्रोफाइल पर कैबिनेट मिनिस्टर लिखकर हटाया

**जयपुर।** भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे चुके किरोड़ीलाल मीणा सोशल मीडिया प्रोफाइल में कैबिनेट मिनिस्टर लिखकर एक बार फिर मंत्री पद संभालने के संकेत दिए थे, लेकिन कुछ ही घंटों में इसे हटा लिया। मीणा ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया बायो (एक्स) पर एक बार फिर खुद को कैबिनेट मिनिस्टर बताया था। करीब डेढ़ घंटे बाद उन्होंने प्रोफाइल से वापस कैबिनेट मिनिस्टर हटा लिया। अब प्रोफाइल पर केवल एमएलए सवाई माधोपुर लिखा हुआ है। पिछले दो दिनों से किरोड़ी लगातार प्रदेश में आपदा प्रबंधन की स्थिति का जायजा ले रहे थे। रविवार को किरोड़ी ने आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों से प्रदेश की स्थिति के बारे में बात की थी।

### जानलेवा हमले के अभियुक्त को आजीवन कारावास

**चित्तौड़गढ़।** अपर जिला एवं सेशन न्यायालय बेगूं ने आठ साल पुराने हत्या के प्रयास के मामले में एक अभियुक्त को धारा 307 में आजीवन कारावास तो वहीं दूसरे को धारा 452/34 में 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक फरीद मिर्जा के अनुसार जग्गा पुत्र देवा गुर्जर निवासी तोरणिया थाना पारसोली ने 10 सितंबर 2015 को पारसोली थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि प्रार्थी और उसका पुत्र छोटूलाल दोनों मकान में बैठे थे। इसी दौरान मांगीलाल गुर्जर के पुत्र प्रकाशचंद्र, शंकरलाल, शम्भूलाल, इसकी पत्नी शान्ति, घिसी बाई पत्नी शंकरलाल गुर्जर निवासी तोरणिया थाना पारसोली ने घर में घुसकर प्रार्थी और उसके पुत्र के साथ विवाद किया।

# नयापुरवा का वजूद मिटा

▶▶ शारदा नदी में समा गए गांव के सभी घर
▶▶ खुले में तिरपाल डालकर गुजारा कर रहे लोग



**एजेंसी । लखीमपुर खीरी**

लखीमपुर खीरी जिले में शारदा नदी ने इस साल फिर कहर बरपाया। बिजुआ ब्लॉक के नयापुरवा गांव का वजूद मिट गया। रविवार रात गांव के सभी घर शारदा नदी में समा गए। अब गांव से दूर दो घर ही बचे हैं, जो कुछ वर्ष पहले गांव से निकलकर ग्रामीणों ने बनाए थे। ग्राम पंचायत करसौर के मजरा नयापुरवा गांव पर शारदा नदी ने कहर बरपाया। आखिरकार गांव का अस्तित्व समाप्त हो गया। ग्रामीणों की आंखों के सामने ही तिनका-तिनका जोड़कर बनाए गए घर नदी में समा गए। खेत भी कटान की भेंट चढ़ गए हैं। घर और खेत कट जाने से बेघर हुए ग्रामीणों ने बंधे पर शरण ली है। ग्रामीण खुले में तिरपाल डालकर गुजारा कर रहे हैं। न तो उनके पास पर्याप्त भोजन सामग्री है और ही मासूम बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था। नयापुरवा अब इतिहास बन गया है। लेखपाल अविनाश मिश्रा ने बताया कि सभी कटान पीड़ितों के लिए रहीम नगर में बसने के लिए जगह चिह्नित की गई, लेकिन कोई भी वहां जाने के लिए तैयार नहीं है। पिछले साल इसी ग्राम पंचायत का मजरा चकपुरवा शारदा नदी में समा गया था।

### नया पिंड पर संकट

तिकुनिया इलाके में मोहाना नदी इस बार खैरटिया बांध मार्ग किनारे कहर बरपा रही है। नदी की कटान से नया पिंड गांव पर संकट मंडराने लगा है। नायब तहसीलदार हरेराम ने गांव में मुनादी करवाकर लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की। सोमवार सुबह 11 बजे नायब तहसीलदार हरेराम नाव से नया पिंड गांव पहुंचे। गांव में माइक से उद्घोषणा कराकर ग्रामीणों को बांध के पार बने गुरुद्वारा में शरण लेने को कहा। गांव में 84 घर हैं। इन पर कटान का खतरा मंडरा रहा है। नायब तहसीलदार ने बताया कि कटान तेजी से हो रहा है। गांव निवासी हकमी बाई, राजजो बाई, गुरमीत सिंह, मंगत सिंह, चरणजीत सिंह, मलकेश सिंह के घर कटान के निशाने पर हैं।

### नानपारा-मैलानी रेलवे ट्रैक को भी खतरा

खैरटिया में बांध मार्ग पर नानपारा-मैलानी का रेलवे ट्रैक स्थित है। ट्रैक से नदी करीब 200 मीटर पर तेजी से कटान कर रही है। इसके चलते रेलवे लाइन को भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

### शारदा नदी ने तेज किया कटान, खतरे में तटबंध

ईसानगर खीरी क्षेत्र के ग्राम खनवापुर के निकट शारदा नदी अपने रौद्र रूप में है। नदी तेजी से तटबंध की तरफ बढ़ रही है। इससे ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ गई हैं। अगर तटबंध कटा तो दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे। नदी ने तटबंध का कटान भी शुरू कर दिया है। यह देख ग्रामीण भयभीत हैं। करीब दर्जन भर गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों ने तटबंध काटने की सूचना अधिकारियों को दी है।

# शहर के होटल, मॉल समेत औद्योगिक संस्थानों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

**एजेंसी । गोरखपुर**



शहर में स्वीकृत कनेक्शन के सापेक्ष बिजली उपभोग करना अब आसान नहीं रहेगा। बिजली निगम की तरफ से ऐसे उपभोक्ताओं के परिसर में प्राथमिकता के आधार पर स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। ऐसे कुल 211 संस्थानों को चिह्नित किया गया है। इसमें होटल, मॉल, औद्योगिक संस्थान, अस्पताल समेत अन्य शामिल हैं। बिजली निगम शहरी क्षेत्र में जल्द ही स्मार्ट मीटर शुरू करने जा रही है। निगम की मंशा है कि बिजली चोरी और लाइन लॉस को कम करने की योजना से प्रीपेड और स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। इसकी शुरुआत बड़े संस्थानों से की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि निगम को सूचना मिली है कि लोग घरेलू श्रेणी के कनेक्शन पर अधिक बिजली खपत कर रहे हैं। इसी आधार पर सर्वे कर एक रिपोर्ट तैयार की गई। सबसे ज्यादा टाउनहॉल खंड में उपभोक्ता कम भार पर अधिक बिजली खपत करते पाए गए। कुल 95 उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनके यहां खपत स्वीकृत कनेक्शन से अधिक हैं। इसके अलावा चतुर्थ खंड राप्ती नगर में 56 उपभोक्ताओं ने गलत श्रेणी में बिजली कनेक्शन ले रखा है। जबकि, बक्शीपुर खंड में 46 उपभोक्ता और मोहद्दीपुर खंड में 14 उपभोक्ताओं ने गलत श्रेणी में बिजली कनेक्शन लिया है। अधीक्षण अभियंता शहरी एलबी सिंह ने बताया कि क्षमता से अधिक बिजली खपत करने की वजह से सामान्य उपभोक्ताओं को बिजली की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गर्मी में पहले बिजली आपूर्ति प्रभावी करने के साथ ऐसे उपभोक्ताओं का सर्वे कर सूची तैयार करवाई है। प्राथमिकता के आधार पर शहर में 211 उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगवाए जाएंगे।

# जूनियर रेजिडेंट की हड़ताल जारी, परेशान हुए मरीज

**एजेंसी । प्रयागराज**

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना के विरोध में एसआरएन अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों मंगलवार को भी सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कहा कि सरकार डॉक्टर के लिए तत्काल सुरक्षा के कड़े कदम उठाए ताकि कोलकाता जैसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। डॉक्टर अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पूरे देश में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन सरकार कानून नहीं बना रही है। डॉक्टरों की सुरक्षा सरकार सुनिश्चित करें। इसके लिए डॉक्टरों ने दूसरे दिन भी कामकाज ठप करके प्रदर्शन किया। उनके समर्थन में कुछ सीनियर डॉक्टर भी पहुंचे।

# बिहार में सक्षमता परीक्षा पास 87 हजार शिक्षकों की काउंसलिंग पूरी

**एजेंसी । पटना**

बिहार में पहले चरण की सक्षमता परीक्षा पास करने वाले नियोजित शिक्षकों की पदस्थापना की प्रक्रिया पर तेजी से काम चल रहा है। फिलहाल करीब 1.87 लाख शिक्षकों की काउंसलिंग चल रही है, जो शिक्षा विभाग के आकलन के अनुसार 30 अगस्त तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद सितंबर महीने में इन शिक्षकों को विशेष विशिष्ट के तौर पर पदस्थापित किए जाने की संभावना है। शिक्षा विभाग के अनुसार करीब 1.87 लाख शिक्षकों की काउंसलिंग होनी है। जिसमें से अब तक करीब 80 हजार शिक्षकों की काउंसलिंग पूरी हो चुकी है और करीब एक लाख शिक्षकों की काउंसलिंग अभी बाकी है। शिवहर और शेखपुरा जिले को छोड़कर बाकी जिलों में काउंसलिंग की प्रक्रिया चल रही है।

# चाईबासा में झामुमो कार्यकर्ता पर फायरिंग, घायल

**एजेंसी । चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के चाईबासा में बाइक सवार दो अपराधियों ने मंगलवार सुबह करीब नौ बजे झामुमो कार्यकर्ता मुन्ना पूर्ति उर्फ मंत्री पर फायरिंग कर दी। इस घटना में वह घायल हो गया। गोली उसके सिर को छूकर निकल गयी जिससे वह लहूलुहान हो गया। फिलहाल वह सदर अस्पताल में इलाजरत है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।




### आपसी विवाद की वजह से दिया घटना को अंजाम

झामुमो कार्यकर्ता मुन्ना पूर्ति मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करलाजोड़ी गांव का रहने वाला है। घटना की वजह आपसी विवाद बताया जा रहा है। इस बारे में जब अस्पताल में इलाजरत मुन्ना से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पाताहातु गांव से स्कूटी पर सवार होकर घर करलाजोड़ी जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते पर सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी बाजार के गरीब कॉलोनी स्थित तालाब के पास बाइक से दो युवक आए और उस पर फायरिंग कर दी।

# घर के अंदर पत्नी और दो किलोमीटर दूर खेत मिला पति का शव

**एजेंसी । वाराणसी**

वाराणसी जिले के चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर चौकी अंतर्गत गुरवट ग्राम में मंगलवार की सुबह पति- पत्नी का संदिग्धावस्था में शव मिलने से सनसनी फैल गई। एक तरफ जहां पत्नी का शव कमरे में मिला, वहीं दूसरी तरफ पति का शव घर से लगभग दो किलोमीटर दूर खेत में मिला।



### यह है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार संतोष उर्फ राजू अपनी पत्नी आरती उर्फ रूपाली चैनपुर नेवादा अंबेडकरनगर के साथ गुरवट ग्राम में किराए के मकान मेंरहता था। दो महीने पहले पति- पत्नी घर गए थे और सोमवार को ही लौटे थे। मंगलवार की भोर में कमरे से जलने की बदबू आने पर आरती के पिता बाबूलाल कमरे में गए तो अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। वहां आरती का शव बिस्तर पर पड़ा था। आसपास सारा सामान जला हुआ था। वहीं कमरे से लगभग दो किलोमीटर दूर खेत में संतोष का शव पड़ा हुआ मिला। संतोष के गले पर रस्सी का निशान मिला। सूचना मिलते ही डीसीपी चंद्रकांत मीणा, एडीसीपी टी सरवन, एसीपी अतुल अंजान त्रिपाठी थाना प्रभारी चोलापुर ईश्वर दयाल दुबे मौके पर पहुंचे।

# झारखंड के अफसरों पर भड़के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

**एजेंसी । रांची**

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी झारखंड में चल रहे सड़क व कॉरिडोर के प्रोजेक्ट की प्रगति से नाराज हैं। सोमवार को समीक्षा बैठक में श्री गडकरी राज्य के आला अफसर व विभागीय अधिकारियों पर भड़क उठे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भारत सरकार की ओर से दिया गया कोई प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं



हो रहा है। एक तो आप नया प्रोजेक्ट लेकर आते नहीं हैं और जो चल रहा है, उसे भी पूरा नहीं कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने पहले कहा है कि पैसे की कोई कमी नहीं है। प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होने पर हमें ठेकेदारों-कंपनियों को पेनाल्टी देनी पड़ती है। केंद्र सरकार का पैसा बरबाद हो रहा है। बैठक में झारखंड से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, गृह और वन विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, भू-राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव और पीसीसीएफ डॉ संजय श्रीवास्तव, झारखंड एनएचआइ के क्षेत्रीय पदाधिकारी एनएल योतकर और काम कर रही कंपनियों के अधिकारी मौजूद थे।




# IRCTC का मुनाफा 32.75% बढ़कर 308 करोड़

▶▶ पहली तिमाही में रेवेन्यू 11.88% बढ़ा
▶▶ कंपनी ने एक साल में दिया 41% रिटर्न

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड यानी IRCTC का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में मुनाफा सालाना आधार (YoY) पर 32.75% बढ़कर 308 करोड़ रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 232 करोड़ था। कंपनी के रेवेन्यू में सालाना आधार पर 11.88% की बढ़ोतरी हुई है। FY25 की पहली तिमाही में ऑपरेशन से रेवेन्यू 1,120 करोड़ रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में रेवेन्यू 1,001 करोड़ था। IRCTC ने आज यानी 13 अगस्त को पहली तिमाही के नतीजे जारी किए।

### IRCTC की कोर एक्टीविटीज

कैटरिंग एंड हॉस्पिटैलिटी
इंटरनेट टिकटिंग
ट्रेवल एंड टूरिज्म
पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर (रेल नीर)




### एक साल में IRCTC ने दिया 41% रिटर्न

IRCTC का शेयर आज 0.69% गिरकर 918 पर बंद हुआ। पिछले एक साल में कंपनी के शेयर ने 41.31% का रिटर्न दिया है। बीते 6 महीने में शेयर सिर्फ 0.83% चढ़ा है। वहीं बीते एक महीने में शेयर करीब 12% गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 73.44 हजार करोड़ रुपए है।

### 1999 में भारतीय रेलवे में शामिल हुई थी IRCTC

इंडियन रेलवे कैटरिंग एवं टूरिज्म कॉर्पोरेशन (IRCTC) भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक 'मिनी रत्न (श्रेणी-I)' सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज है। IRCTC को 27 सितंबर 1999 को भारतीय रेलवे की एक शाखा के रूप में शामिल किया गया था। इसका उद्देश्य स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य स्थानों पर कैटरिंग और हॉस्पिटैलिटी को मैनेज करना है। इसके साथ ही बजट होटल्स, स्पेशल टूर पैकेज, इनफॉर्मेशन एंड कॉमर्शियल पब्लिसिटी और ग्लोबल रिजर्वेशन सिस्टम के डेवलपमेंट के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देना है। IRCTC का कॉर्पोरेट ऑफिस नई दिल्ली में स्थित है।

### क्या होता है स्टैंडअलोन और कंसॉलिडेटेड?

कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंडअलोन और कंसॉलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि, कंसॉलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।

# सेंसेक्स 692 अंक गिरकर 78,956 पर बंद

**एजेंसी । मुंबई**




शेयर बाजार में 13 अगस्त को गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 692 अंक की गिरावट के साथ 78,956 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 208 अंक की गिरावट रही। ये 24,139 के स्तर पर बंद हुआ। बैंक, ऑयल एंड गैस और मेटल शेयरों में ज्यादा गिरावट रही। वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.30% की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 12 में तेजी और 38 में गिरावट है। सेंसेक्स के 30 में से 24 शेयरों में गिरावट रही। FirstCry की पेरेंट कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस का शेयर NSE पर 40% ऊपर 651 रुपए पर लिस्ट हुआ। वहीं BSE पर 34.4% ऊपर 625 रुपए पर लिस्ट हुआ। लिस्टिंग के बाद इसमें और तेजी देखने को मिली, ये 673.50 रुपए पर बंद हुआ। यूनीकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस का शेयर BSE पर 112.96% ऊपर 230 रुपए पर लिस्ट हुआ। वहीं, NSE पर ये 117.59% ऊपर 235 रुपए पर लिस्ट हुआ। हालांकि लिस्टिंग से बाद इसमें गिरावट देखने को मिली और ये 211.50 रुपए पर बंद हुआ।

# सोने के दाम बढ़े, चांदी फिसली

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सोने की कीमतों में 13 अगस्त को तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, मंगलवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 482 रुपए बढ़कर 70,372 रुपए पर पहुंच गया। कल इसके दाम 69,890 रुपए प्रति दस ग्राम थे। हालांकि एक किलो चांदी 526 रुपए गिरकर 80,598 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले सोमवार को चांदी 81,124 रुपए किलो प्रति पर थी। इस साल सोना मई में 74,222 प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच चुका है। वहीं, चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।



### 4 महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 65,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 71,770 रुपए है।
**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 65,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 71,620 रुपए है।
**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 65,650 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 71,620 रुपए है।
**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 65,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 71,620 रुपए है।

# मिड-कैप फंड ने 1 साल में दिया 66% का रिटर्न

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इन दिनों म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो मिड कैप फंड अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इस फंड कैटेगिरी ने बीते 1 साल में 66% से ज्यादा का रिटर्न दिया है। अगर आप रिस्क ले सकते हैं तो मिड कैप फंड में निवेश करना आपको अच्छा फायदा दिला सकता है। हम आपको मिड कैप फंड के बारे में बता रहे हैं।
मिड कैप म्यूचुअल फंड उस फंड को कहते हैं जिसमें मुख्य रूप से मिड कैप कंपनियों के शेयरों में निवेश किया जाता है। मिड-कैप कंपनियां वे हैं जिनका मार्केट कैप 5,000 करोड़ रुपए से अधिक, लेकिन 20,000 करोड़ रुपए से कम है। मार्केट कैप के लिहाज से 101वीं से 200वीं रैंकिंग वाली कंपनियों को भी मिड-कैप कंपनियां कहा जाता है।

# इंटरआर्च बिल्डिंग प्रोडक्ट्स का IPO 19 अगस्त को होगा ओपन

**एजेंसी । मुंबई**

इंटरआर्च बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड के IPO की आज अनाउंसमेंट हुई। तस्वीर में कंपनी के MD अरविंद नंदा और डॉयरेक्टर गौतम सूरी हैं। इंटरआर्च बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 19 अगस्त को ओपन होगा। निवेशक 21 अगस्त तक IPO के लिए बिडिंग कर सकेंगे। 26 अगस्त को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 600.29 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 200 करोड़ के 2,222,222 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 400.29 करोड़ के 4,447,630 शेयर बेच रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ अवमानना केस किया बंद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पतंजलि आयुर्वेद और योग गुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ अदालत की अवमानना का केस बंद कर दिया है। कोर्ट ने दोनों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए कुछ भी करते हैं, जैसा कि पहले हुआ था, तो कोर्ट कड़ी सजा देगा। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने मंगलवार (13 अगस्त) को फैसला सुनाया। 14 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई की थी, जिसमें कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी की बदनामी का आरोप लगाया गया था।

# नीरज के स्वर्ण तक जेवलिन के बारे में नहीं जानती थी: साइना



## विवाद » साइना नेहवाल के बयान पर सोशल मीडिया पर लोगों ने भड़ास निकाली, उन्हें 'भारतीय खेल की कंगना रनौत' की उपाधि दी

एजेंसी । नई दिल्ली

बैडमिंटन की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी भारत की साइना नेहवाल बेशक कोर्ट से दूर हैं लेकिन किसी न किसी वजह से खबरों में बनीं रहती हैं। इस बार उनके एक बयान ने सोशल मीडिया पर खेलप्रेमियों को एक मुद्दा दे दिया जो तेजी से वायरल हो गया। लेकिन कोर्ट में अपने स्मैश से विपक्षी को धराशायी करने वालीं साइना सोशल मीडिया पर भी भारी पड़ गईं।

### क्या है मामला

*तीन बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वालीं साइना ने हाल में एक इंटरव्यू में कहा था कि जब तक नीरज चोपड़ा ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में जेवलिन में स्वर्ण पदक नहीं जीता था, तब तक वह नहीं जानती थीं कि यह खेल ओलंपिक में शामिल है। उनका कहना था कि जब एक खिलाड़ी किसी खेल में पूरी तरह से डूबा हुआ और जुनून के साथ जुटा है तो यह संभव नहीं कि वह दूसरे खेलों के बारे में भी जाने।*

### लोगों ने की आलोचना

साइना का बयान बहुत तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों ने इस बात पर भड़ास निकालनी शुरू कर दी कि उन्हें नहीं पता कि जेवलिन ओलंपिक खेल है। बॉलीवुड अभिनेत्री से राजनीति में आईं कंगना रनौत से तुलना करते हुए एक यूजर ने लिखा, भारतीय खेलों की कंगना रनौत। एक ने लिखा, यह हैरानी की बात है कि साइना जैसी खिलाड़ी को जेवलिन के बारे में पता नहीं। एक ने तो यह भी लिखा, सारा भारत साइना को सिर्फ इसलिए जानता है कि उनका नाम सानिया मिर्जा से मिलता-जुलता है।

### साइना का पलटवार, यूजर्स को लताड़ा

कंगना के साथ तुलना के बाद साइना ने जवाब दिया, तारीफ के लिए शुक्रिया। कंगना खूबसूरत हैं लेकिन मैं अपने खेल में परफैक्ट हूं। मैं बैडमिंटन में नंबर एक बनी और देश के लिए ओलंपिक पदक जीता। मैं फिर कहूंगी कि घर पर बैठ कर कमेंट करना आसान है और खेलना मुश्किल है। नीरज सुपर स्टार है और उन्होंने इस खेल को भारत में बहुत लोकप्रिय बनाया।

# भविष्य में ओलंपिक में और पदक जीतना चाहती हैं मनु

**पिस्टल निशानेबाज ने कहा, खेलों के महाकुंभ में देश का ध्वजवाहक होना गर्व की बात**

एजेंसी । नई दिल्ली

पेरिस में दो पदक जीतने वाली भारत की अनुभवी पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर की निगाह ओलंपिक में कई पदक जीतने पर है। उन्होंने कहा, हम सभी पदक जीतने के लिए काफी मेहनत करते हैं। लेकिन अगर भविष्य में दो से अधिक पदक एक ही ओलंपिक में जीत पाती हूं तो यह शानदार होगा। कड़ी मेहनत करके भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य है। मैं भविष्य में भारत के लिए और ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं। 22 वर्षीय मनु आजादी के बाद एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं।



उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीते। वह 25 मीटर पिस्टल में भी कांस्य जीतने से मामूली अंतर से चूक गईं। मनु समापन समारोह में अनुभवी हॉकी गोलकीपर पी आर श्रीजेश के साथ भारत की ध्वजवाहक थीं। उन्होंने कहा, यह जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव था। मैं इसके लिए शुक्रगुजार हूं और इसे ताउम्र याद रखूंगी।

### मनु के लिए खुश है मां

*मनु की मां सुमेधा भाकर ने कहा, मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। सभी खिलाड़ियों के लिए। मैं पेरिस में हॉकी टीम, अमन सेहरावत, नीरज चोपड़ा से मिली। उम्मीद है कि ये खिलाड़ी और पदक जीतकर भविष्य में अपनी मां और देश को गौरवान्वित करते रहेंगे। कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ियों श्रीजेश, अमित रोहिदास, सुमित, अभिषेक और संजय का भी यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सुमित ने कहा, हमें काफी प्यार मिल रहा है।*

# भगत 18 माह के लिए निलंबित

**टोक्यो के चैंपियन को ठिकाने का पता न बताने के लिए मिली सजा**



एजेंसी । नई दिल्ली

टोक्यो के स्वर्ण पदक विजेता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत पेरिस पैरालंपिक में अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाएंगे। उन्हें बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग निरोधक 'वेयरअबारट' (ठिकाने का पता) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, महासंघ इसकी पुष्टि करता है कि भगत को निलंबित किया गया है। वह पेरिस में नहीं खेलेंगे।

## » पैरालंपिक में नहीं खेलेंगे

**अगले साल सितंबर में खत्म होगा भारतीय पैरा शटलर का निलंबन**

### कठिन फैसला

*36 वर्षीय एसएल3 खिलाड़ी भगत ने कहा, मेरे लिए यह बहुत कठिन फैसला है। मैं वाडा का सम्मान करता हूं। मैं समझता हूं कि सभी खिलाड़ियों के लिए वे मानक तय करना चाहते हैं लेकिन तकनीकी कारणों से प्रतिबंध लगाना सही नहीं है। यह किसी पदार्थ के सेवन का मामला नहीं है बल्कि ठिकाना नहीं बता पाने का मामला है। मैं दो बार अलग जगहों पर होने के कारण टेस्ट नहीं द पाया लेकिन तीसरी बार देने का मेरे पास सबूत है लेकिन मेरी अपील खारिज हो गई। यह मेरे लिए बड़ा नुकसान है। मैं पेरिस की तैयारी कर रहा था जो हर खिलाड़ी के लिए बड़ी बात है। मैं पदक जीत सकता था। मेरा दिल टूट गया है।*

### अपील खारिज

एक मार्च 2024 को खेल पंचाट (सीएएस) डोपिंग निरोधक प्रभाग ने भगत को बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक नियम के उल्लंघन का दोषी पाया। वह एक साल में तीन बार अपना ठिकाना बताने में नाकाम रहे थे। 29 जुलाई 2024 को सीएएस के अपील विभाग ने भगत की अपील खारिज कर दी और सीएएस के डोपिंग निरोधक प्रभाग के एक मार्च के फैसले की पुष्टि की। उनका निलंबन अब प्रभावी है। यह निलंबन एक सितंबर 2025 तक लागू रहेगा।

### 'मजबूत वापसी करेंगे'

बिहार में जन्मे भगत ने पिछले साल फरवरी में पांचवां विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतकर चीन के लिन डैन की बराबरी की थी। भारतीय पैरा बैडमिंटन के मुख्य कोच गौरव खन्ना ने कहा, यह काफी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। वह पैरालंपिक में पदक उम्मीद थे लेकिन वह योद्धा है और मुझे यकीन है कि मजबूती से वापसी करेंगे।

# हॉकी टीम के भविष्य की योजना बनाएंगे : मंडाविया

एजेंसी । नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि वह 10 सितंबर से पहले कांस्य विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ बैठक करेंगे ताकि 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के प्रयासों के मद्देनजर भविष्य की योजना बना सकें। उन्होंने मंगलवार सुबह पेरिस से लौटने के बाद स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश, डिफेंडर संजय, अमित रोहिदास और स्ट्राइकर अभिषेक को सम्मानित किया। मंडाविया ने कहा, सेमीफाइनल में हार के बाद जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है। लेकिन यह सफर का अंत नहीं है। मैं आपके साथ बैठकर भविष्य की रणनीति पर विचार करूंगा ताकि हम लॉस एंजिल्स से स्वर्ण पदक लेकर लौटें। मैं इस बारे में आपकी राय लूंगा कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए और सरकार की ओर से आपको हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करूंगा।

# नदीम को मिले एक करोड़ और कार

एजेंसी । लाहौर

ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन अरशद नदीम को पेरिस खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर पंजाब सरकार ने मंगलवार को एक करोड़ रुपये और एक नई कार से पुरस्कृत किया। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज जब नदीम और उसके परिवार से मिलने मियां चुन्नू स्थित उसके गांव गई और नदीम को पुरस्कार और कार की चाबियां भेंट कीं। उन्होंने कहा, अरशद हर उस चीज का हकदार है जो उसे मिल



रहा है क्योंकि वह देश के लिए बहुत खुशी और गौरव लेकर आया है। मुख्यमंत्री ने नदीम को जब खास 9297 नंबर प्लेट वाली नई कार की चाबियां सौंपीं तब उनके माता-पिता भी मौजूद थे। नदीम ने 92.97 मीटर की ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ पेरिस में स्वर्ण पदक जीता था।

# रुबलेव को हरा पोपिरिन बने नेशनल बैंक ओपन चैंपियन

एजेंसी । मांट्रियल

ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सेइ पोपिरिन ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। यह उनके करियर का सबसे बड़ा एकल खिताब है। उन्होंने सोमवार को पांचवीं वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रेइ रुबलेव को 6-2, 6-4 से शिकस्त देकर यह उपलब्धि हासिल की। विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज पोपिरिन ने दूसरे दौर में 11वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को हराया था। उसके बाद सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी।

**मुंबई के मैदानों से**

# दूसरे दौर में साहिल काकड़



दोपहर संवाददाता । मुंबई

मेजबान खार जिमखाना के साहिल काकड़ ने बिलियड्र्स हॉल में खेले जा रहे सीआर रियल्टी-वेस्टर्न इंडिया बिलियड्र्स एंड स्नूकर चैंपियनशिप 2024 के पुरुषों के बिलियड्र्स और स्नूकर दोनों वर्गों में आगे कूच कर लिया। साहिल ने बिलियड्र्स के पहले दौर के मैच में सेल्वन सैम्युअल को 337-238 से और स्नूकर के पहले दौर में शाकिर कुरैशी को 24-66, 57-4, 59-35, 49-66, 55-24, 63-65, 53-39 से हराया। इसके अलावा सकलैन मुश्ताक ने ध्वज हारिया को 54-38, 66-27, 17-63, 35-66, 32-103 (63), 63-55, 61- 58 से, आदित्य मेहता ने अनंत मेहता को 62-34, 71(52)-13, 74-21, 84-27 से, जे वरुण कुमार ने जनक मसंद को 67-58, 53-27, 74 (60)-15, 48-8 से और एस श्रीकृष्ण ने पियुष कुशवाहा को 21-67, 40-89(81), 46-79, 69-29, 56-15, 57-21, 55-31 से पराजित किया और स्नूकर के दूसरे दौर में जगह बनाई



# 'दलपति 69' में विजय के साथ बनेगी सामंथा की जोड़ी

*साउथ सुपरस्टार विजय अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गोट : ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसके साथ ही वे अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। राजनीति में पूरी तरह से प्रवेश करने से पहले 'दलपति 69' अभिनेता के करियर की आखिरी फिल्म मानी जा रही है। हाल ही में फिल्म फिल्म से सुपरस्टार कमल हासन का नाम जुड़ने की खबर आई थी। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है, जो इसकी शूटिंग और फिल्म की मुख्य नायिका को लेकर है।*

फिल्मों में अपने लंबे ब्रेक से पहले विजय अपने 69वें प्रोजेक्ट के लिए निर्देशक एच विनोट के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। बहुप्रतीक्षित फिल्म का अस्थाई 'दलपति 69' रखा गया है, जिसके आधिकारिक शीर्षक का भी इंतजार है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म अब जल्द ही शुरू होने वाली है। बहुप्रतीक्षित परियोजना का आधिकारिक लॉन्च विजय की अगली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की रिलीज के तुरंत बाद होने की उम्मीद है।
फिल्म को लेकर ताजा जानकारी यह सामने आ रही है कि निर्देशक एच विनोट और उनकी टीम अक्तूबर 2024 में विजय अभिनीत आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही है। इस परियोजना को एक्शन के साथ एक पूरी तरह से राजनीतिक थ्रिलर माना जाता है। फिल्म में विजय को पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में दिखाने की उम्मीद है। भले ही विजय और विनोट ने आधिकारिक तौर पर परियोजना की घोषणा नहीं की है, लेकिन अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी के पहले ऑनस्क्रीन सहयोग से उम्मीदें बढ़ गई हैं।



# अभिषेक बच्चन ने बंद किया कमेंट सेक्शन

अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय इन दिनों चर्चा में हैं। बीते कुछ समय से सोशल मीडिया पर दोनों के अलग होने की अटकलें सुर्खियां बटोर रही हैं। लगातार यह कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। तलाक की अफवाहों के बीच अभिषेक ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इस दौरान जिस चीज ने सबका ध्यान खींचा, वह है अभिनेता के पोस्ट के कमेंट सेक्शन, जो उन्होंने बंद कर दिया है। अभिषेक ने पेरिस ओलंपिक 2024 से जुड़ा एक वीडियो साझा किया। इसके साथ उन्होंने अपना अनुभव साझा किया और भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की तारीफ की।



# दक्षिण भारत में धमाल मचाने को तैयार 'थंगालान'

*स्त्री, वेदा और खेल-खेल में के अलावा 15 अगस्त को एक और फिल्म रिलीज हो रही है, जिसकी चर्चा इन दिनों दक्षिण भारत में काफी ज्यादा है। हम बात कर रहे हैं सुपरस्टार विक्रम की फिल्म थंगालान की।*



दक्षिणी राज्यों में फिल्म को लेकर दर्शकों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। हाल ही में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू की गई थी, जिसके बाद दर्शकों ने बड़ी संख्या में फिल्म के टिकट बुक किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने एडवांस बुकिंग से अब तक कथित तौर पर दो करोड़ 50 लाख रुपये का कलेक्शन कर लिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह फिल्म पहले दिन दक्षिण भारत में अच्छा कारोबार करेगी। रिपोर्ट्स की मानें तो इस पीरियड एक्शन ड्रामा को बनाने में निर्माताओं के 100-150 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। फिल्म में विक्रम के अलावा पार्वती थिरुवोथु, मालविका मोहनन, पसुपथी समेत कई अन्य कलाकार भी हैं। इसका निर्माण स्टूडियो ग्रीन और नीलम प्रोडक्शंस ने मिलकर किया है। थंगालान की एडवांस बुकिंग केरल में 11 अगस्त से शुरू हो गई थी। फिल्म को राज्य में गोकुलम गोपालन की श्री गोकुलम मूवीज वितरित कर रही है। श्रीगोकुलम मूवीज ने स्टूडियो ग्रीन के साथ मिलकर घोषणा की कि प्रमोशन के लिए जुटाई गई धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दी जाएगी। निर्माता रिलीज से पहले तमिल और तेलुगु भाषा में में थंगालान का बड़े पैमाने पर प्रचार कर रहे हैं। वहीं, फिल्म के ट्रेलर ने भी लोगों की उत्सुकता और अधिक बढ़ा दी है। इसे इंटरनेट पर एक करोड़ 20 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। थंगालान के तमिल संस्करण के की एडवांस बुकिंग 10 अगस्त को शुरू हुई थी। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

# कंगना का फिल्मी करियर हुआ प्रभावित

*हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है, वहीं फिल्म का ट्रेलर आज रिलीज होगा। फिल्मों के अलावा कगंना राजनीति में भी काफी सक्रिय हैं, जिसके चलते उनका फिल्मी करियर काफी प्रभावित हो रहा है। कंगना ने खुद इस बात का खुलासा किया है।*

### मैं अपनी फिल्मों की शूटिंग शुरू नहीं कर पा रही हूं- कंगना

कंगना ने कहा, 'सांसद होना बहुत ही चुनौतीपूर्ण काम है। खासकर मेरे निर्वाचन क्षेत्र में बाढ़ आई है, इसलिए मैं हर जगह मौजूद हूं। मेरा फिल्मी करियर प्रभावित हो रहा है। मैं अपनी फिल्मों की शूटिंग शुरू नहीं पा रही हूं। मैं संसद के शीतकालीन सत्र का इंतजार कर रही हूं, ताकि मैं अपनी फिल्मों की शूटिंग शुरू करूं।' हाल ही में कंगना को नियमित रूप से संसद सत्र में भाग लेते हुए देखा गया।

### 'इमरजेंसी' के बारे में जान लीजिए

फिल्म 'इमरजेंसी' की बात करें तो इस फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन और सतीश कौशिक जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में कंगना न सिर्फ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी, बल्कि उन्होंने इसके निर्देशन की कमान भी संभाली है। इस फिल्म की कहानी खुद कंगना ने लिखी है, वहीं फिल्म का निर्माण वह रेणु पिट्टी के साथ मिलकर कर रही हैं।



# सलमान खान ने जारी किया 'एंग्री यंग मैन' का ट्रेलर

*सलीम खान और जावेद अख्तर की दोस्ती से हर कोई वाकिफ है। इंदौर से हीरो बनने आए सलीम और लखनऊ से शायर बनने का ख्वाब लेकर निकले जावेद ने 'शोले', 'जंजीर', 'दीवार', 'यादों की बारात', 'हाथी मेरे साथी' और 'डॉन' जैसी फिल्मों की कहानी लिखी है। अब दोनों के सिनेमाई जादू को फिर से जीने का मौका मिलेगा। दरअसल, अमेजन प्राइम वीडियो 'एंग्री यंग मेन' नाम की एक वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जिसका ट्रेलर रिलीज हो गया है।*

### नम्रता राव ने किया है निर्देशन

सलमान खान ने 'एंग्री यंग मेन' का ट्रेलर जारी कर दिया है। दोनों के तमाम घरवालों ने मिलकर इसे बनाया है और इनमें शामिल हैं। सलीम की पत्नी सलमा खान, उनके बेटे सलमान, जावेद के बच्चे फरहान अख्तर और जोया अख्तर और इन दोनों के दोस्त रितेश सिधवानी-रीमा कागती की झलक भी ट्रेलर में दिख रही है।



# जगदंबिका पाल होंगे वक्फ संशोधन विधेयक के लिए गठित जेपीसी के अध्यक्ष

## लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में दी गई जानकारी

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ लोकसभा सदस्य जगदंबिका पाल को मंगलवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने पाल को 31 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विधेयक के प्रावधानों पर लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच सरकार ने इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया था। संयुक्त समिति में 31 सदस्य हैं। इनमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य हैं। अगले सत्र तक यह समिति अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। लोकसभा और राज्यसभा ने शुक्रवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा पेश एक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था, जिसमें समिति का हिस्सा बनने के लिए सदस्यों को नामित किया गया था। संयुक्त समिति में लोकसभा से जिन 21 सदस्यों को शामिल किया गया है, उनमें भाजपा के आठ और कांग्रेस के तीन सांसद शामिल हैं। राज्यसभा से समिति में शामिल किए गए सदस्यों में से चार भाजपा के और एक-एक सदस्य कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, वाईएसआर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के हैं। एक मनोनीत सदस्य को भी समिति का सदस्य बनाया गया है।



### समिति में शामिल लोकसभा सदस्य

लोकसभा सदस्यों में भाजपा से जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, संजय जायसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय और डीके अरुणा को समिति में शामिल किया गया जबकि कांग्रेस से गौरव गोगाई, इमरान मसूद और मोहम्मद जावेद को इसका सदस्य बनाया गया है।
सपा सदस्य मौलाना मोहिबुल्ला नदवी, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, डीएमके के ए. राजा, तेदेपा के लावू श्रीकृष्णा, जद (यू) के दिलेश्वर कामत, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, एनसीपी (एसपी) के सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे, शिवसेना के नरेश गणपत म्हास्के, लोजपा (रामविलास) के अरुण भारती और एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवैसी भी इस समिति में शामिल हैं।

### दोपहर इन्फो

**जगदंबिका पाल चौथी बार लोकसभा सदस्य**

73 वर्षीय जगदंबिका पाल चौथी बार लोकसभा के सदस्य हैं और माना जाता है कि सभी दलों के नेताओं के साथ उनके अच्छे रिश्ते हैं।

### इन राज्यसभा सदस्यों के भी नाम

राज्यसभा से इस समिति में बृजलाल, मेधा विश्राम कुलकर्णी, गुलाम अली, राधामोहन दास अग्रवाल (सभी भाजपा), सैयद नासिर हुसैन (कांग्रेस), मोहम्मद नदीमुल हक (तृणमूल कांग्रेस), वी विजय साई रेड्डी (वाईएसआर कांग्रेस), एम मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), संजय सिंह (आम आदमी पार्टी) और डी वीरेंद्र हेगड़े (मनोनीत) को शामिल किया गया है। बता दें कि सरकार ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पेश किया था जिसे सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक और चर्चा के बाद संयुक्त समिति को भेजने का फैसला हुआ था।

# 2036 में 152 करोड़ होगी भारत की आबादी

## सेक्स रेशो बढ़कर 952 हो जाएगा

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत की जनसंख्या साल 2036 में 152.2 करोड़ तक हो सकती है। इसको लेकर सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि सेक्स रेशो 2036 तक प्रति 1000 पुरुषों पर 952 महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है। 2011 की जनगणना में यह आंकड़ा 943 था। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जनसंख्या में महिलाओं के प्रतिशत में भी थोड़ा-बहुत सुधार देखने को मिल सकता है। साल 2036 में महिलाओं का प्रतिशत बढ़कर 48.8% होने की उम्मीद है। 2011 में यह0 48.5% था। फर्टिलिटी रेट में गिरावट के चलते 15 साल से कम उम्र के लोगों का रेशो साल 2011 के मुकाबले साल 2036 में घटने का अनुमान है। इस दौरान 60 साल और उससे ज्यादा उम्र की जनसंख्या का रेशो में काफी तेजी से बढ़ेगा।

### UN की रिपोर्ट- भारत की जनसंख्या 77 साल में दोगुनी हुई



यूनाइटेड नेशन्स (UN) की हेल्थ एजेंसी यूनाइटेड नेशन्स पॉपुलेशन फंड (UNFPA) ने अप्रैल 2024 में एक रिपोर्ट में दावा किया कि भारत की जनसंख्या पिछले 77 सालों में दोगुनी हो चुकी है। यह 144.17 करोड़ पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2006-2023 के बीच 23% बाल विवाह हुए हैं। साथ ही डिलीवरी के समय होने वाली महिलाओं की मौतों की संख्या में कमी आई है। भारत ने इस साल के शुरुआत में सबसे ज्यादा 142.5 करोड़ आबादी वाले देश चीन को पीछे छोड़ा था।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### प्रसारण सेवा विधेयक का नया मसौदा तैयार करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक 2024 का नया मसौदा तैयार करेगी। इसके लिए हितधारकों से 15 अक्तूबर तक सुझाव मांगे हैं। सरकार का कहना है कि विस्तृत विचार-विमर्श के बाद विधयेक का नया मसौदा जारी किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक 2024 पर काम कर रही है। विधेयक को 10 नवंबर, 2023 को हितधारों के सुझाव-विचार के लिए साझा किया गया। इसके बाद बड़ी संख्या में हितधारकों और एसोसिएशन ने अपने सुझाव-विचार मंत्रालय के साथ साझा किए।

### आरोप में कलेक्टर सहित दो लोग गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद से दो लोगों का रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। रंगा रेड्डी जिले के संयुक्त कलेक्टर सहित दो लोगों को तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कथित तौर पर 8 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। 'एक्स'पर एक पोस्ट में, एसीबी के महानिदेशक (डीजी) सीवी आनंद ने इस मामले में जानकारी दी है, 'एसीबी ने रंगा रेड्डी जिला कलेक्टरेट के संयुक्त कलेक्टर एमवी भूपाल रेड्डी और वरिष्ठ सहायक वाई मदन मोहन रेड्डी को फंसाया और गिरफ्तार किया, जिन्होंने मिलीभगत की और अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया।

### आतंकवाद का मिलकर मुकाबला करेंगे भारत और आस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** भारत और आस्ट्रेलिया मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करेंगे। नई दिल्ली में दोनों देशों के संयुक्त कार्य समूह की 14वीं बैठक में आतंकवाद विरोधी मुद्दे पर चर्चा हुई। इसमें दोनों देशों के बीच आतंकवाद रोकने के उपायों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भारत और आस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों की निंदा की। साथ ही इससे निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर जोर दिया।

# हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से बवाल

देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

## अडानी के खिलाफ जेपीसी की मांग

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग के आरोपों पर बढ़ते विवाद के बीच, कांग्रेस ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि वह 22 अगस्त को सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच के इस्तीफे और अडानी मुद्दे की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी। यह घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा सभी महासचिवों, राज्य इकाई प्रमुखों और एआईसीसी के राज्य प्रभारियों के साथ यहां एक बैठक के बाद की गई।



### बैठक में लिया गया निर्णय

कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों के लिए संगठनात्मक मामलों और चुनाव तैयारियों के लिए राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक की। बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में खरगे ने कहा, ?सेबी और अडानी के बीच सांठगांठ के चौंकाने वाले खुलासे की गहन जांच की जरूरत है। शेयर बाजार में छोटे निवेशकों के पैसे को खतरे में नहीं डाला जा सकता।? बैठक के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पार्टी 22 अगस्त को सेबी प्रमुख के इस्तीफे और अडानी मुद्दे की जेपीसी जांच की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी।

### क्या है हिंडनबर्ग रिसर्च ?

हिंडनबर्ग रिसर्च ने 10 अगस्त को आरोप लगाया कि सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच के पास कथित अडानी मनी साइफनिंग घोटाले में इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी। इन आरोपों ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है, जिसमें कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक पार्टियों ने उन्हें हटाने और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग की है, जबकि भाजपा ने विपक्ष पर भारत में वित्तीय अस्थिरता और अराजकता पैदा करने की साजिश का हिस्सा होने का आरोप लगाया है।

# राजदीप को हटाना होगा शाजिया इल्मी वाला वीडियो

**दिल्ली हाई कोर्ट ने दिया आदेश**



एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार राजदीप सरदेसाई को सोशल मीडिया से एक 'आपत्तिजनक' वीडियो हटाने का निर्देश दिया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता शाजिया इल्मी एक वीडियो पत्रकार को कथित तौर पर 'अपशब्द' कहती नजर आ रही हैं। जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा ने इल्मी की याचिका पर अंतरिम आदेश पारित किया, जिसमें दावा किया गया था कि टीवी डिबेट समाप्त होने के बाद उनकी सहमति के बिना कैमरामैन ने उनकी रिकॉर्डिंग की जिससे उनकी मानहानि हुई और उनकी निजता का उल्लंघन हुआ।

### कोर्ट ने क्या कहा आदेश में ?

जज ने आदेश में कहा, 'अदालत का यह भी मानना है कि चूंकि वीडियो तब रिकॉर्ड किया गया जब वादी (इल्मी) ने खुद को शो से हटा लिया था, इसलिए घटनाओं का होना वादी और प्रतिवादी संख्या 12 (कैमरापर्सन) के बीच का मामला है और वादी की निजता का मुद्दा भी एक ऐसा मामला है जिस पर अदालत प्रतिवादी 1 (सरदेसाई), प्रतिवादी 2 (इंडिया टुडे) और प्रतिवादी 12 की दलीलें सुनना चाहेगी।'

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि होंगे पंचायत प्रतिनिधि

एजेंसी | नई दिल्ली

15 अगस्त को लाल किले में आयोजित 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पंचायत प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, गुजरात, मेघालय और उत्तर प्रदेश के वे ग्राम पंचायत प्रमुख शामिल होंगे, जिन्होंने सरकार की तीन या अधिक प्राथमिकता क्षेत्र योजनाओं व कार्यक्रमों में संतृप्ति हासिल की है, वे भी इस समारोह में सरकार के विशेष अतिथि होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में पंचायती राज संस्थाओं की 400 महिला प्रतिनिधियों को भी जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। पंचायती राज मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

# विदेशी आतंकवाद खत्म करने का नया काउंटर प्लान

**सेना ने किया दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों तक पहुंचे आतंकी मॉड्यूल का खुलासा**

**उत्तरी सेना कमांडर ने आतंकवाद विरोधी डेल्टा फोर्स के अग्रिम ठिकानों का किया दौरा**

एजेंसी | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के डोडा, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी इलाकों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने के बाद सेना ने नया काउंटर प्लान बनाया है। दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों तक पहुंचे आतंकियों के मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद सेना ने विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए नया अभियान शुरू किया है। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने मंगलवार को आतंकवाद विरोधी डेल्टा फोर्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा करके आतंकवाद विरोधी अभियानों की समीक्षा की।



### करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद

जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले एक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया था कि पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं। इसके बाद जून माह की शुरुआत से ही आतंकी गतिविधियों में तेजी आनी शुरू हो गई और अब तक दर्जनों मुठभेड़ में अब 15 से ज्यादा सैन्य अधिकारी और जवान बलिदान हो चुके हैं। आतंकवादी हमलों के बीच पिछले माह से पाकिस्तानी आतंकी एक बार फिर सीमा लांघ रहे हैं।

### दक्षिणी इलाके को नया रास्ता बनाया

जवानों की शहादत के लिए चार साल से एलओसी पर सीजफायर होने को बड़ी वजह माना जा रहा है, जिसकी वजह से सीमा पार इलाके से घुसपैठ बढ़ी है। पीर पंजाल पहाड़ियों के उत्तरी ओर कश्मीर घाटी में आतंकवाद का लगभग सफाया होने के बाद अब सीमा पार से घुसपैठ के लिए दक्षिणी इलाके को नया रास्ता बनाया गया है। जम्मू कश्मीर के दक्षिणी पीर पंजाल के इलाके डोडा, पुंछ और राजौरी, किश्तवाड़ रियासी, कठुआ के पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों और नागरिकों पर आतंकी हमले हो रहे हैं।

# डिनो पार्क में लगी भीषण आग

**विशाखापट्टनम।** विशाखापट्टनम के डिनो पार्क में भीषण आग की घटना देखने को मिली है। यहां बीच रोड में स्थिति डिनो पार्क में भयानक आग लगी, जिस कारण डिनो पार्क जलकर खाक हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डिनो पार्क (रोबोटिक्स एडवेंचर वॉकवे) में आग लगने की वजह से पूरे इलाके में धुआं फैल गया। आग इतनी भयानक थी कि इसके लपटें दूर तक दिखाई दे रही थी। घटना के बाद पार्क के कर्मचारियों ने तुरंत फायर स्टेशन और पुलिस को फोन कर सूचना दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग



की टीम पहुंची और दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। कुछ देर चली मशक्कत के बाद दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया।

### शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग?

आग लगने के कारणों का अबतक पता नहीं चल सका है। हालांकि शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। बता दें कि पॉर्क में एक वॉकवे है जो रोमांच का अनुभव कराता है क्योंकि रोबोट डायनासोर अप्रत्याशित रूप से पार्क में आने-जाने वालों का स्वागत करते हैं। राहत की बात यह है कि आग सुबह के वक्त लगी, जिस वक्त यह पार्क बंद रहता है। इसलिए किसी शख्स को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

# पोकरण में स्वदेशी एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण



### पैदल जवानों और विशेष बलों के लिए है मिसाइल

यह मिसाइल भारतीय सेना के पैदल जवानों और पैराशूट (विशेष बलों) के लिए है। इसे इजेक्शन मोटर का इस्तेमाल करके कैनिस्टर से लॉन्च किया जाता है। यह लक्ष्य पर निशाना साधने के लिए अत्याधुनिक IIR सीकर का इस्तेमाल करती है।

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन लगातार भारतीय सेना के हाथ मजबूत कर रहा है। अपने नए-नए अनुसंधान से डीआरडीओ दुश्मन खेमे में खौफ पैदा कर रहा है। संगठन ने ऐसी ही एक एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल बनाई है, जिसकी दहाड़ से दुश्मनों के पसीने छूट जाएंगे। डीआरडीओ ने हाल ही में राजस्थान के जैसलमेर स्थित फील्ड फायरिंग रेंज में भारत में निर्मित मानव-पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

### अधिकतम 2.5 किमी मारक क्षमता

जैसलमेर फील्ड फायरिंग रेंज में मानव पोर्टेबल मिसाइल को एक तिपाई का इस्तेमाल करके लॉन्च किया गया। इसे अधिकतम 2.5 किलोमीटर की सीमा तक मार के लिए डिजाइन की गई है, जिसका लॉन्च वजन 15 किलोग्राम से कम है।

**मद्रास हाईकोर्ट ने दुष्कर्म आरोपी को किया बरी**

# 'प्यार और जंग के बीच कोई नियम नहीं होता'

## 2014 में पीड़िता ने दर्ज कराई थी शिकायत

एजेंसी | मद्रास

'प्यार और जंग में कोई नियम नहीं होते और यह मामला इसका प्रमाण है।' यह टिप्पणी मद्रास हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक दुष्कर्म दोषी को बरी करने के दौरान दी है। दरअसल, यह मामला एक दुष्कर्म का है। पहले बच्चे के पालन-पोषण के संबंध में समाधान के लिए कोर्ट ने शिकायतकर्ता और आरोपी को मध्यस्थता के लिए भेजने का आदेश दिया था। इस दौरान दोनों का दूसरा बच्चा भी हो गया।

### दुष्कर्म का मामला और कोर्ट ने सुनाया फैसला

दुष्कर्म के मामले में आरोपी को बरी करते हुए न्यायमूर्ति एन शेषशायी ने कहा, 'प्यार और युद्ध में कोई नियम नहीं होते और यह मामला शायद इस कथन का प्रमाण है।'

**2014 का मामला, 2017 में आरोपी ने खटखटाया दरवाजा :** बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के अनुसार, मामले में मध्यस्थता का नतीजा यह हुआ कि दोनों पक्षों ने दूसरा बच्चा पैदा किया। पीड़िता द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद याचिकाकर्ता ने 2014 में आरोपी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था। इसके बाद, आरोपी ने अपनी सजा के खिलाफ 2017 में अदालत का दरवाजा खटखटाया। इस दौरान आरोपी की अपील लंबित रही, जिसको देखते हुए अदालत ने पहले बच्चे के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की। इसी को देखते हुए कोर्ट ने मामले को मध्यस्थता के लिए भेज दिया।



**मध्यस्थता के दौरान दोनों का हुआ दूसरा बच्चा:** मध्यस्थता के दौरान ही आरोपी और शिकायतकर्ता का दूसरा बच्चा हो गया। बच्चा दोनों का ही इसकी पुष्टि हो जाने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने कहा 'अगर अभियोक्ता और अपीलकर्ता अपनी स्वतंत्र इच्छा से जीने का रास्ता चुनते हैं, तो कानूनी व्यवस्था कोई महत्वपूर्ण काम नहीं कर सकती, सिवाय इसके कि वह अपने निष्कर्ष को दर्ज करे कि इस मामले में अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया है कि वास्तव में कोई अपराध हुआ था।'

# दिल्ली में आतिशी नहीं कैलाश गहलोत फहराएंगे तिरंगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 15 अगस्त को झंडा कौन फहराएगा, इस पर सस्पेंस अब खत्म हो गया है। राजभवन की ओर से दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत को इसके लिए नामित किया गया है। अरविंद केजरीवाल ने आतिशी को यह अधिकार देने की सिफारिश की थी। केजरीवाल ने इसको लेकर पहले तिहाड़ से लेटर लिखा था और बाद में गोपाल राय के जरिए आदेश जारी कराया गया था। परंपरा के मुताबिक दिल्ली के मुख्यमंत्री छत्रशाल स्टेडियम में झंडा फहराते हैं। हालांकि, इस बार दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद होने की वजह से समारोह में शामिल होने को उपलब्ध नहीं रहेंगे। केजरीवाल ने पिछले दिनों एलजी को यह कहते हुए लेटर लिखा था कि उनकी शिक्षा मंत्री आतिशी को तिरंगा फहराने की इजाजत दी जाए। लेकिन जेल प्रशासन ने लेटर को नियमों के खिलाफ बताते हुए इसे राजभवन नहीं भेजा।



# जादू-टोना के शक में दो महिलाएं बंधक

**जाजपुर।** ओडिशा के जाजपुर जिले के एक गांव के लोगों ने दो महिलाओं को बंधक बना लिया। लोगों को संदेह था कि उनके परिवार का एक पुरुष जादू-टोना करता है। शख्स ने पुलिस की मदद से अपनी मां और पत्नी को लोगों के चंगुल से छुड़ाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार को जाजपुर सदर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सुनिंदा सबर साही गांव में हुई। बताया कि गांव की कई महिलाएं पिछले कुछ दिनों से अजीब व्यवहार कर रही थीं।